शनिवार, 12 जुलाई 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 33 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 4:59 | सूर्यास्त: 18:25 |

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर



आजादी के 78 साल बाद राजस्थान के एक गांव में आदिवासियों को मिली बिजली पृष्ठ 6

सुविचार : मैं हूं ना, ये तीन शब्द किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा भर सकते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, एक में भी नहीं चूका: डोभाल

## विदेशी मीडिया को चुनौती : एक भी भारतीय ढांचे की तस्वीर दिखाएं जिसे नुकसान पहुंचा हो

■ **पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे**

**चेन्नई :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में सटीकता से हमला कर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने विदेशी मीडिया को चुनौती दी कि वह ऐसे किसी भी भारतीय ढांचे की एक भी तस्वीर दिखाए, जिसमें कोई नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो। डोभाल ने आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कहा कि छह-सात मई की सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान में एक भी निशाना नहीं चूका। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा, ''यहां सिंदूर का उल्लेख किया गया। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, ये सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं, बल्कि पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में थे और हम एक में भी नहीं चूके। हमने इनके अलावा कहीं



और निशाना नहीं लगाया। यह इतना सटीक था कि हमें पता था कि कौन कहां है। रात एक बजकर पांच मिनट पर शुरू हुआ पूरा ऑपरेशन 23 मिनट तक चला।'' विदेशी मीडिया की आलोचना करते हुए डोभाल ने विशेष रूप से 'न्यूयॉर्क टाइम्स' का नाम लेते हुए कहा, ''उन्होंने (अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने) ये बातें लिखीं और प्रकाशित कीं। तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के केवल 13 एयरबेस ही दिखाई दे रहे थे, चाहे वे सरगोधा, रहीम यार खान, चकलाला या राव-लपिंडी में हों। लेकिन इन तस्वीरों में केवल भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के ठिकानों पर पहुंचाई गई क्षति ही दिखाई गई।'' उन्होंने कहा, ''आप मुझे एक तस्वीर बताइए जिसमें किसी भारतीय ढांचे को कोई नुकसान हुआ हो, यहां तक कि एक कांच भी टूटा हो।'' छात्रों को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करनी चाहिए। इससे पहले, पद्म विभूषण से सम्मानित और प्रख्यात नृत्यांगना पद्मा सुब्रह्मण्यम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए डोभाल को बधाई दी।

# बंगाल के प्रवासी कामगारों की हिरासत को लेकर स्थिति स्पष्ट करे दिल्ली सरकार: कलकत्ता उच्च न्यायालय

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दिल्ली में पश्चिम बंगाल के प्रवासी कामगारों को अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगाने वाली दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश की सरकार से यह स्पष्ट करने करने को कहा कि क्या वे हिरासत में हैं। कथित तौर पर हिरासत में लिए गए लोगों के परिजनों ने याचिका में संबंधित अधिकारियों को उनकी रिहाई और अदालत के समक्ष पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। दोनों याचिकाओं में दावा किया गया था कि स्वीटी बीबी, कुर्बान शेख, उनके नाबालिग बेटे, सुनाली खातून, दानिश और उनके नाबालिग पोते को नयी दिल्ली में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि बंगाली भाषी लोगों को दिल्ली में इस संदेह पर



हिरासत में लिया गया है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और अधिकारियों ने उनकी पहचान की भी जांच नहीं की। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीतोब्रोतो कुमार मित्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद कहा, ''आर-ोपों की प्रकृति को देखते हुए, प्रथम दृष्टया हमारा मानना है कि रिट याचिका पोषणीय है और यह अदालत मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती।'' पीठ ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह इस बारे में प्रासंगिक दस्तावेज पेश करे कि क्या दोनों को हिरासत में लिया गया था या वे लापता हैं। अदालत ने दिल्ली सरकार को यह भी बताने का निर्देश दिया कि क्या यह ''हिरासत'' किसी अदालत के आदेश के संबंध में थी और इसके पीछे क्या आधार था? उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी पूछा कि क्या कथित तौर पर हिरासत में लिये गए लोगों को हिरासत में लेने का आधार बताया गया था। पीठ ने दिल्ली प्रशासन से यह भी पूछा है कि क्या उनकी हिरासत पुलिस अधिकारियों या राज्य के अधिकारियों द्वारा की जा रही किसी जांच से संबंधित है। अदालत ने यह भी जानना चाहा है कि क्या इस संबंध में दोनों राज्यों की सरकारों के बीच कोई पत्राचार हुआ था। पीठ ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को आदेश के अनुपालन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अपने समकक्ष के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 16 जुलाई तय की है।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## टेस्ला की भारतीय बाजार में दस्तक, अगले सप्ताह मुंबई में खोलेगी स्टोर

**नयी दिल्ली :** दुनिया की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोलेगी। कंपनी इसके उद्घाटन के साथ भारतीय बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने 15 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह को 'भारत में टेस्ला की शुरुआत' के रूप में पेश करते हुए चुनिंदा आमंत्रण भेजे हैं। इस बारे में फिलहाल टेस्ला से टिप्पणी नहीं मिल पायी है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ऑस्टिन स्थित कंपनी ने अपने चीन स्थित संयंत्र से कारों की पहली खेप 'मॉडल वाई' रियर-व्हील ड्राइव एसयूवी पहले ही बाजार में उतार दी है। टेस्ला इंडिया ने पिछले महीने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक पार्क में 24,565 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र को पांच साल की अवधि के लिए पट्टे पर लिया था। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी भारत में कारों के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती, बल्कि देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है।

## छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई: 3200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में 22 आबकारी अधिकारी हुए सस्पेंड

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। कुल 22 अधिकारियों को निलंबित किया है। यह कार्रवाई पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के इन अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां बनाई थी।आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इसी क्रम में साय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हो।

# बांग्ला सहायता केंद्रों ने ई-वालेट के माध्यम से लेनदेन में 1,000 करोड़ का आंकड़ा पार किया : ममता

## मुख्यमंत्री ने बीएसके की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जताई खुशी

■ **कहा- यह उपलब्धि बीएसके के डिजिटल प्लेटफार्म में बढ़ते जन विश्वास को दर्शाती हैं**

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि बांग्ला सहायता केंद्रों (बीएसके) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने ई-वालेट के माध्यम से सेवा वितरण लेनदेन में बहुत कम समय में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। ममता ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसपर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि बीएसके



के डिजिटल प्लेटफार्म में बढ़ते जन विश्वास को दर्शाती है और बंगाल के डिजिटल सार्वजनिक सेवा वितरण माडल की दक्षता और पारदर्शिता को उजागर करती है।

ममता ने कहा कि बीएसके प्रतिदिन हजारों विभागीय सेवाएं प्रदान करते हैं, जिनमें छात्रवृत्ति और प्रमाणपत्रों से लेकर स्वास्थ्य और आवास सेवाएं शामिल हैं और ये सभी सेवाएं उनके डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से निर्बाध रूप से संसाधित होती हैं।

ममता ने लिखा कि यह पहल डिजिटल बांग्ला क्रियाशील होने का प्रमाण है, जो नागरिकों को सक्रिय रूप से सशक्त बना रही है, सुगम्यता संबंधी बाधाओं को कम कर रही है और एक समावेशी शासन माडल को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रत्येक बीएसके संचालक और उनका समर्थन करने वाली समर्पित टीमों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इसके लिए इससे जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

## दिल्ली में 266 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी चालान का भंडाफोड़, सीए गिरफ्तार

**नई दिल्ली, समाज्ञा :** जीएसटी खुफिया शाखा (डीजीजीआई) ने दिल्ली में फर्जी चालान घोटाले का बड़ा खुलासा करते हुए छह से ज्यादा परिसरों पर छापेमारी की। कार्रवाई में 266 करोड़ रुपये के फर्जी चालान और 48 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का पता चला है।वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जांच बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई द्वारा की गई, जिसमें सामने आया कि चार कंपनियों ने बिना किसी असली व्यापारिक गतिविधि के करोड़ों की लेनदेन दिखाई। जांच के दौरान एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को मास्टरमाइंड के रूप में चिह्नित किया गया, जो इन फर्जी कंपनियों के दस्तावेज़ और लेन-देन संभाल रहा था।अधिकारियों को तलाशी के दौरान नकली चालान, मुहर और दस्तावेज भी मिले।

# आज प्रधानमंत्री मोदी 51,000 से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

## रोज़गार मेले के तहत देशभर में 47 स्थलों पर होगा आयोजन

**नई दिल्ली, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। यह नियुक्तियाँ केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय सहित विभिन्न



मंत्रालयों और विभागों में की गई हैं। रोज़गार मेला, देशभर में नौजवानों को नौकरी के अवसर देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रधानमंत्री की रोज़गार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है और युवाओं को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर भी देता है। देशभर में अब तक हुए रोज़गार मेलों के माध्यम से 10 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं। आज होने वाला यह 16वां रोज़गार मेला देश के 47 विभिन्न स्थलों पर आयोजित किया जाएगा।

## आईटी, वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार तीसरे दिन भी गिरा, सेंसेक्स 690 अंक लुढ़का

**मुंबई :** मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन और बिजली शेयरों में भारी बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 690 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 205 अंकों की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी शुल्क को लेकर जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 689.81 अंक यानी 0.83 प्रतिशत गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 748.03 अंक टूटकर 82,442.25 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 205.40 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 932.42 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी में 311.15 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की नरमी रही।

# भारत ने मिसाइल 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को ओडिशा अपतटीय क्षेत्र में सुखोई-30 एमके-आई विमान से मिसाइल 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया जो हवा से हवा में मार कर सकती है। यह मिसाइल दृश्य सीमा से परे सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक दिशा-निर्देशन



प्रणाली से सुसज्जित है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायुसेना ने स्वदेशी 'रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर' के साथ एसयू-30 एमके-आई के जरिए दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान, विभिन्न रेंज पर उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों के विरुद्ध दो प्रक्षेपक दागे गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''दोनों मामलों में, मिसाइलों ने एकदम सटीकता के साथ लक्ष्यों को नष्ट कर दिया।''

# रैपिडो या उबर मोटो में नहीं ले जा सकेंगे बड़ा बैग, नवान्न ने जारी की नई गाइडलाइन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता समेत आस-पास के जिलों में बाइक टैक्सी सेवाओं को लेकर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। नवान्न द्वारा जारी नई दिशा-निर्देशों के अनुसार, अब रैपिडो और ऊबर मोटो जैसे बाइक टैक्सियों में यात्री अपनी इच्छा से बड़ा बैग लेकर यात्रा नहीं कर सकेंगे। यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। परिवहन विभाग के अनुसार, अब किसी भी यात्री को अधिकतम 10 किलोग्राम वजन तक का ही बैग साथ ले जाने की अनुमति होगी। साथ ही, उस बैग की लंबाई 36 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि कोई यात्री बैग को बाइक की सीट के दोनों ओर लटकाकर रखता है, तो बैग दोनों ओर से अधिकतम 15 सेंटीमीटर तक ही लटक सकता है। इसके अतिरिक्त, सभी बाइक टैक्सी सेवाओं को अब पीली नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम यात्रियों के हित और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी था। यह निर्देश कोलकाता ही नहीं, बल्कि उससे सटे जिलों में भी प्रभावी रूप से लागू किए जाएंगे।

# 'पाक को सपोर्ट करने की पोस्ट देश के विरुद्ध अपराध नहीं', इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्पष्ट की धारा 152 की व्याख्या

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा कि किसी विशेष घटना के संदर्भ में या भारत का जिक्र किए बगैर पाकिस्तान के लिए महज समर्थन व्यक्त करना प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत अपराध नहीं है। बीएनएस की धारा 152 के तहत भारत की एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाला कृत्य अपराध है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल ने रियाज नाम के एक व्यक्ति की जमानत मंजूर करते हुए कहा, दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने और तथ्यों पर गौर करने के बाद इस बात में कोई विवाद नहीं है कि 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट करते समय याचिकाकर्ता ने ऐसी कोई बात नहीं लिखी जिससे हमारे देश के प्रति अपमान प्रदर्शित होता हो। अदालत ने कहा, किसी घटना का संदर्भ लिए या भारत के नाम का जिक्र किए बगैर महज पाकिस्तान के लिए समर्थन करने से प्रथम दृष्टया बीएनएस की धारा 152 के तहत अपराध नहीं बनता। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल के सोशल मीडिया पोस्ट में भारत के सम्मान व संप्रभुता को कम नहीं किया गया और न ही भारतीय झंडा या इसका नाम या कोई फोटो पोस्ट की गई, जिससे हमारे देश का अपमान होता हो। अदालत ने 10 जुलाई को दिए फैसले में कहा, बीएनएस की धारा 152 एक नई धारा है जिसमें सख्त दंड का प्रावधान है और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में ऐसी कोई संगत धारा नहीं थी। इसलिए धारा 152 लगाने से पहले उचित ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि सोशल मीडिया पर बोले गए शब्द या पोस्ट अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में भी आते हैं।

# महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी भाजपा चुनाव 'चोरी करने' की फिराक में : राहुल

**भुवनेश्वर :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर छिड़े विवाद के बीच शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी आगामी विधानसभा चुनाव को ''चोरी'' करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यहां 'संविधान बचाओ समावेश' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को बिहार विधानसभा चुनाव की 'चोरी करने' से रोकने का फैसला किया है। गांधी ने आरोप लगाया, ''महाराष्ट्र की तरह, बिहार में भी



चुनावों को 'हाईजैक' करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा पूरे देश में हमारे संविधान पर हमला कर रही है।'' उन्होंने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में घटक दलों ने, बिहार में भाजपा को चुनाव की ''चोरी करने'' से रोकने का फैसला किया है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा के हित में काम कर रहा है और अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, ''भाजपा पांच-छह पूंजीपतियों के लिए सरकार चलाती है। यह देश के आम लोगों के लिए काम नहीं करती।'' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ''जल, जंगल, ज़मीन'' आदिवासियों के हैं और उनके ही रहेंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि ओडिशा की भाजपा सरकार ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 को लागू नहीं किया है।

## एनआईए ने आईएसआईएस की आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित 'इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया' (आईएसआईएस) आतंकी समूह की गतिविधियों को बढ़ावा देने में कथित संलिप्तता को लेकर शुक्रवार को एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिजवान अली उर्फ अबू सलमा उर्फ मोला आईएसआईएस पुणे 'स्लीपर मॉड्यूल' मामले में 11वां वांछित आरोपी और प्रमुख षडयंत्रकारी है। उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। एनआईए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि आईएसआईएस की भारत विरोधी साजिश के तहत अली ने विभिन्न स्थानों की टोह लेने में सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिनका इस्तेमाल आतंकवादी ठिकानों के रूप में किया जा सकता था।



## नियामक एजेंसियों की सख्ती से ही अंकुश

विभिन्न देशों द्वारा आतंकवादियों को दी जाने वाली प्रत्यक्ष व परोक्ष मदद पर नजर रखने वाली वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था यानी एफएटीएफ की हालिया रिपोर्ट चौंकाने वाली है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह सनसनीखेज बात उजागर हुई है कि आतंकवादी वित्तीय संसाधन जुटाने व खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट खुलासा करती है कि वर्ष 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में विस्फोटक पदार्थ का एक भाग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीदा गया था। निश्चित रूप से जिस तेजी से आतंक का नेटवर्क ऑनलाइन बाजार का फायदा उठा रहा है, वह कानून की नियामक एजेंसियों के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। बताया जा रहा है कि आतंकवादी इंटरनेट के जरिये विस्फोटक बनाने की तरकीब भी सीख रहे हैं। इंटरनेट से बम बनाने की तकनीक सीखने की खबरों के बीच हमारे नीति-नियंताओं को इस पर अंकुश लगाने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंकवादियों के लिए मददगार सामान पर सख्ती से अंकुश लगाएं। इससे पहले एफएटीएफ ने संकेत दिए थे कि पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान आतंकवादियों को न केवल पैसा व हथियार दे रहे हैं बल्कि उन्हें ट्रेनिंग देने में भी मदद की जा रही है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि आतंकी मंसूबों को पूरा करने के लिये आतंकवादी ऑनलाइन सेवाओं के जरिये हथियार, रसायन और थ्री डी-प्रिंटिंग सामग्री भी खरीद रहे हैं। यह विडंबना ही है कि आम नागरिकों के जीवन को सरल-सुविधाजनक बनाने के लिये जिन ऑनलाइन सेवाओं की शुरुआत हुई थी, वह अब आतंकवादियों की मदद का साधन बन गई है। विश्व के आतंकवादी संगठन आधुनिक तकनीक के जरिये न केवल अपने मंसूबों को पूरा कर रहे हैं बल्कि पुलिस व कानून से बचने में इंटरनेट उनका मददगार बन गया है। जिसमें आतंक की पाठशाला चलाने वाली सरकारें भी सहायक बनी हैं।

विगत के कुछ वर्षों में हुए कुछ बड़े हमलों की जांच में प्रमाणिक रूप से इस बात का खुलासा हुआ है कि अब आतंकी हमलों के लिये खतरनाक ढंग से ऑनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग किया गया है। यह विडंबना ही है कि अपराधी व आतंकवादी खुफिया एजेंसियों द्वारा अपराध नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियानों को धता बताकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने लगे हैं। जिन ऑनलाइन सेवाओं से उपभोक्ताओं की सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा था, उस व्यवस्था के छिद्रों से अपराधियों ने अपनी सुगम राह तलाश ली है। जिस पर सख्त निगाह रखना सरकारों का प्राथमिक दायित्व बनता है। यदि समय रहते इस दिशा में सख्त कदम न उठाये गए तो यह व्यवस्था आतंकवादियों के खतरनाक अभियानों के लिये सुरक्षित रास्ता बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को उन सरकारों पर भी दबाव डालना चाहिए जो आतंकी संगठनों का वित्तपोषण करते हैं। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि दुनिया के सभी देश मिलकर इंटरनेट से वे सामग्री हटवाएं जिसका उपयोग आतंकवादी घातक हथियार व बम बनाने में करते हैं। वहीं ऑनलाइन सेवाएं देने वाले प्लेटफॉर्मों पर भी दबाव बनाया जाना चाहिए कि आतंकी हमलों में मददगार सामग्री की डिलीवरी न करें। आज भारत समेत कई शांतिप्रिय देश आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक मुहिम चला रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही जरूरी है कि अपनी सुविधा के अनुसार आतंकवाद की परिभाषा तय करने वाले देशों को बेनकाब किया जाए। इस बात का उल्लेख प्रधानमंत्री ने हालिया विदेश यात्रा के दौरान कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों से किया। लेकिन पाकिस्तान जैसे कई देश आतंकवाद के विरुद्ध जारी मुहिम को कमजोर करने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि पाक खुद को आतंकवाद से पीड़ित दर्शाने का कुत्सित प्रयास कर रहा है। यही वजह है कि गत माह वैश्विक निगरानी संस्था एफएटीएफ ने स्पष्ट किया था कि पहलगाम हमला संस्थागत बगैर वित्तीय मदद के संभव नहीं हो सकता था। निश्चित रूप से एफएटीएफ के इस खुलासे से पाकिस्तान दुनिया के सामने एक बार फिर बेनकाब ही हुआ है। भारत को इस सच को न केवल पूरी दुनिया को बताना चाहिए बल्कि पाक को फिर एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल करवाने का भी प्रयास करना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 जुलाई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष द्वितीया, 25:44 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 06:27 तक, योग : विष्कंभ, 19:28 तक, सूर्योदय: 4:59, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 19:49, चन्द्रास्त: 06:03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 08:22 से 10:02

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए दिन कार्यक्षेत्र में अच्छा है। आपकी लीडरशिप स्किल्स की तारीफ होगी और इससे प्रमोशन मिल सकता है। नए प्रॉजेक्ट शुरू करने के लिए यह अच्छा समय है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए बिजनस में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन कॉम्पिटिशन से निपटने के लिए कुछ नया करना होगा। आपकी एक गलती आपकी इमेज खराब कर सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में तनाव हो सकता है, लेकिन आप अपनी बातचीत करने की कला से स्थिति को संभाल लेंगे। बिजनस में किसी बड़े सौदे में रुकावट आ सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए दिन तरक्की के संकेत दे रहा है। ऑफिस में आपके सुझावों को महत्व दिया जाएगा। खासकर जमीन या प्रॉपर्टी से आपको बड़ा फायदा हो सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए करियर में कोई बड़ा मौका आ सकता है और यह अवसर आने वाले समय में आपके भविष्य की दिशा तय करेगा। आपका दिन लाभ और सुख से भरा होगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए करियर में तनाव और जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, विशेषकर यदि आप स्वास्थ्य, शिक्षा या सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। धन आगमन बना रहेगा।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए बिजनस में पार्टनर के साथ रिश्ते अच्छे होंगे और इससे आपको बड़ा लाभ होगा। आपकी इनकम का एक नया सोर्स बन सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी, आपके बॉस आपकी तारीफ करेंगे। व्यापारियों के लिए मार्केटिंग में नए आइडिया सफलता दिला सकते हैं।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। ऑफिस में योग्यता और समर्पण की सराहना होगी, जिससे आपको कोई नई जिम्मेदारी या बोनस प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में योजना बनाकर काम करने से बड़ी सफलता मिलेगी। तकनीकी क्षेत्र या मैनेजमेंट में काम करने वाले लोगों को एक्स्ट्रा फायदा मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों को करियर में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। कोई जरूरी मीटिंग या इंटरव्यू से आपको बड़ा लाभ होने की उम्मीद है। व्यापारियों को नई पार्टनरशिप से फायदा मिलेगा।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए बिजनस में कोई सौदेबाजी में सफलता मिलेगी। इससे आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को बॉस की सलाह फायदेमंद रहेगी।

# चल चल रे कांवड़िए शिव के धाम

**कांवड़ यात्रा विशेष :**



डॉ घनश्याम बादल

11 जुलाई से सावन के आरंभ के साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो गई है जो इस वर्ष 23 जुलाई श्रावण शिवरात्रि तक चलेगी हालांकि इच्छुक शिव भक्त इसके बाद भी सावन मास में व्यक्तिगत रूप से कांवड़ लाना चाहें तो ला सकते हैं। यदि श्रावण में चलने वाली इस कांवड़ यात्रा पर एक दृष्टि डालें तो पता चलता है कि प्रति वर्ष सावन में शिव भक्त हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री, गौमुख व गढ़गंगा आदि विभिन्न गंगा से जुड़े तीर्थों एवं दूसरे गंगा तटों से कांवड़ से कलशों में भरकर गंगाजल लाकर अपने क्षेत्र के शिवालयों में शिवलिंग पर अर्पित करते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कांवड़ यात्रा करने से भगवान शिवभक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं और सभी संकटों को दूर करते हैं। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस पूरे महीने में जो भी उपासक भगवान महादेव का पूजन, अर्चन, और स्तवन पूरे मनोयोग और विधिविधान के साथ करता है, भगवान आशुतोष उस पर प्रसन्न हो उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।पुराणों के अनुसार कांवड़ यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे सरल रास्ता है।

इस अवसर पर यह जानना समीचीन होगा कि कैसे शुरू हुई कांवड़ यात्रा की परंपरा और पहला कांवड़िया कौन था ?

**पहला कांवड़िया कौन?**

अलग-अलग मिथकों के अनुसार परशुराम से लेकर श्रवण कुमार तक को पहला कांवड़िया होने के प्रसंग मिलते हैं।

**पराक्रमी परशुराम :**

एक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। माना जाता है कि परशुराम गढ़मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर आए थे और वर्तमान उत्तर प्रदेश के बागपत के निकट स्थित 'पुरा महादेव' का गंगाजल से अभिषेक किया था। उस समय सावन मास ही चल रहा था, इसी के बाद से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई । आज भी लाखों भक्त गढ़मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर पुरा महादेव पर जल अर्पित करते हैं।

**भगवान श्रीराम :**

आनंद रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम पहले कांवड़िए थे। इस मिथक के अनुसार भगवान राम ने बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था। उस समय भी सावन मास ही चल रहा था।

**शिवभक्त रावण :**

कुछ प्राचीन ग्रंथों में रावण को भी पहला कांवड़िया बताया गया है। समुद्र मंथन के दौरान जब भगवान शिव ने हलाहल पान किया था, तब भगवान शिव का कंठ नीला हो गया था और वे तभी से नीलकंठ कहलाए थे। लेकिन हलाहल या विष पीने के बाद नकारात्मक शक्तियों ने भगवान नीलकंठ को घेर लिया था। तब परम शिवभक्त रावण ने महादेव को नकारात्मक शक्तियों से मुक्त के लिए ध्यान किया और गंगाजल भरकर 'पुरा महादेव' का अभिषेक किया, जिससे महादेव नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त हो गए थे। तभी से कांवड़ यात्रा की परंपरा भी प्रारंभ हो गई।

**पितृभक्त श्रवण कुमार :**

कुछ विद्वानों की मान्यता है कि सबसे पहले त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने कांवड़ यात्रा शुरू की थी। श्रवण कुमार ने अंधे माता पिता को तीर्थ-यात्रा पर ले जाने के लिए कांवड़ में बैठाया था। श्रवण कुमार के माता पिता ने हरिद्वार में गंगा स्नान करने की इच्छा प्रकट की थी, माता पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए श्रवण कुमार कांवड़ में ही हरिद्वार ले गए और उनको गंगा स्नान करवाया। वापसी में वे गंगाजल भी साथ लेकर आए थे। बताया जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई थी।

**कृतज्ञ भागीरथ :**

इसके अतिरिक्त कुछ विद्वान पृथ्वी को गंगा गंगा को पृथ्वी पर लाने वाले भागीरथ को भी पहले कांवड़िया होने की मान्यता देते हैं उनके अनुसार अपने पूर्वजों सागर पुत्रों के मोक्ष के लिए भागीरथ गंगा का जल कांवड़ में भरकर अपने पुरखों के तर्पण के लिए लाए थे इसलिए उन्हें भी एक विशिष्ट कावड़िया कहा जा सकता है।

**देवगण :**

एक अन्य मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जब महादेव ने हलाहल विष का पान कर लिया था, तब विष के प्रभाव को दूर करने के लिए भगवान शिव पर सभी देवताओं द्वारा पवित्र नदियों का जल चढ़ाया गया था। ताकि विष के प्रभाव को जल्दी से जल्दी कम किया जा सके। सभी देवता मिलकर गंगाजल लेकर आए थे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह अभिषेक भी सावन में ही हुआ था। कहा जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई ।

**वर्तमान कांवड़ यात्रा का स्वरूप :**

वर्तमान में भी कांवड़ की शुरुआत होते ही देश भर के कोने-कोने से कांवडिएं करोड़ों की संख्या में शिवजी का अभिषेक करने के लिए गंगाजल लेने के लिए उमड़ पड़ते हैं । इन कांवड़ियों में हर आयु वर्ग के कावड़िएं शामिल हैं जिनमें अबोध शिशुओं से लेकर बच्चे, किशोर, युवा एवं वृद्ध यहां तक कि विकलांग भी शामिल हैं । अब कावड़ियों के संदर्भ में लिंग भेद करना भी अब उचित नहीं लगता क्योंकि कांवड़ियों के बीच आसानी से स्त्री,पुरुष यहां तक कि किन्नर भी दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं हिंदू धर्म के अतिरिक्त सिख एवं जैन धर्म के भी अनुयाई काफी संख्या में कांवड़ लेने के लिए जाते हैं ।

2023 की कांवड़ में तो बिहार व उत्तर प्रदेश से अनेक मुस्लिम भी इस यात्रा में शामिल हुए। एक ही गांव से 15 मुस्लिम कांवड़ जल लाने के लिए 70 सदस्यों के कांवड़दल में गए थे।

**सर्व धर्म समभाव की प्रतीक :**

इस दृष्टि से यदि कांवड़ को सर्वधर्म समभाव की यात्रा कहा जाए तो ग़लत नहीं होगा इतना ही नहीं कांवड़ का अधिकांश सामान जिसमें प्रसाद से लेकर कांवड़, कलश, कांवड़ सजाने का कार्य व सज्जा सामग्री तथा कांवड़ से संबंधित झांकियों के निर्माण में मुस्लिम समुदाय का विशिष्ट योगदान रहता है अतः हम उन्हें भी कांवड़ परंपरा से अलग नहीं कर सकते हैं।

**कैसे मिलेगा पुण्य :**

मान्यता है कि कांवड़ हमेशा शुद्ध मन एवं सात्विकता के साथ ही लानी चाहिए तथा कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को हिंसा, हुड़दंग, मादक पदार्थों तथा यौन इच्छाओं से दूरी बनाकर रखनी चाहिए । शिव शांति के देवता हैं अतः उनके नाम पर किसी भी किस्म की हिंसा करने से कांवड़ लाने का पुण्य समाप्त हो जाता है। साथ ही साथ कावड़ यात्रियों के साथ चलने वाली महिलाओं, बुजुर्गों एवं छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने से शिव प्रसन्न होते हैं। इसलिए युवा कांवरियों को अपनी ऊर्जा का प्रयोग उनकी सुरक्षा एवं सेवा में लगाना चाहिए।



## समाज्ञा व्यापार

# स्विट्ज़रलैंड ने भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को मंजूरी दी, अक्टूबर में लागू होने की उम्मीद

### माया तिरस्साफी, भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत



**नयी दिल्ली :** स्विट्ज़रलैंड ने आखिरकार भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते को मंजूरी देने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इससे व्यापार बाधाएं कम होंगी और स्विट्ज़रलैंड से निर्यात के लिए भारतीय बाजार काफी हद तक खुल जाएगा। भारत में स्विट्ज़रलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने स्विट्ज़रलैंड द्वारा इस व्यापार समझौते को मंजूरी को भारत के साथ अपने देश के द्विपक्षीय संबंधों में एक 'मील का पत्थर' बताया। राजदूत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) अक्टूबर में लागू होने की उम्मीद है। इस व्यापार समझौते के तहत, आयरलैंड, लिशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड जैसे ईएफटीए देश अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहे हैं। आयरलैंड, लिशटेंस्टीन और नॉर्वे पहले ही इस व्यापार समझौते को मंजूरी दे चुके हैं। मार्च में, चार देशों के इस यूरोपीय समूह ने लगभग 16 वर्षों की बातचीत के बाद भारत के साथ टीईपीए पर हस्ताक्षर किए। तिस्साफी ने शुक्रवार को कहा, कल आधी रात (स्विस समयानुसार) को, ईएफटीए-भारत टीईपीए के लिए जनमत संग्रह की समय सीमा आधिकारिक रूप से समाप्त हो गई। जनमत संग्रह न होने के कारण, स्विस जनता ने इस समझौते पर अपनी मौन स्वीकृति व्यक्त कर दी है।

## आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक, श्रीराम फाइनेंस पर जुर्माना लगाया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने ग्राहक को ऋण देते समय भारत में विदेशी निवेश से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने 'भारतीय रिजर्व बैंक (डिजिटल ऋण) निर्देश, 2025' के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एचडीएफसी बैंक पर जुर्माने के संबंध में आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया था, जिसके जवाब में बैंक ने लिखित उत्तर और मौखिक रूप से भी स्पष्टीकरण दिया था।

## फास्टैग ठीक से न लगाने पर चालकों को एनएचएआई काली सूची में डालेगा

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के एनएचएआई ने शुक्रवार को कहा कि वाहनों की विंडस्क्रीन पर सही ढंग से फास्टैग न लगाने वाले चालकों को काली सूची में डालने से जुड़ी प्रक्रिया को मजबूत किया है। एनएचएआई ने फास्टैग को ठीक से न लगाने यानी 'लूज फास्टैग' की वजह से सुचारू टोल संचालन में आने वाली परेशानियों का कम करने के लिए यह कदम उठाया है। 'लूज फास्टैग' का मतलब ऐसे फास्टैग से है जो वाहन की विंडस्क्रीन पर सही तरीके से चिपकाया नहीं गया है, बल्कि चालक के पास हाथ में है या किसी ऐसी जगह पर रखा गया है जहां से उसे आसानी से स्कैन नहीं किया जा सकता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक बयान में कहा कि वार्षिक पास प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग जैसी आगामी पहलों को देखते हुए, फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए 'लूज फास्टैग' मुद्दे को हल करना अहम है।

## सरकार ने इलेक्ट्रिक ट्रक को बढ़ावा देने के लिए शुरू की योजना, 9.6 लाख रुपये तक मिलेगा प्रोत्साहन

**नयी दिल्ली :** भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सरकार की पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद पर ग्राहकों को 9.6 लाख रुपये तक के प्रोत्साहन देने की योजना शुक्रवार को शुरू की। यह पहली बार है जब इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद को बढ़ावा देने के लिए योजना लायी गयी है। इस योजना के तहत 10,900 करोड़ रुपये के बजट में से 500 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। बंदरगाह, लॉजिस्टिक, सीमेंट और इस्पात सहित अन्य उद्योग इस योजना के प्रमुख लाभार्थी होंगे। इसके तहत 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को समर्थन देने की योजना है। कुमारस्वामी ने कहा, '' कुल वाहन संख्या में डीजल ट्रक की केवल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद परिवहन-संबंधी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में इसका योगदान 42 प्रतिशत है। ये वायु प्रदूषण को काफी बढ़ा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित यह, इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए पहली योजना है। ''

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 1.34 प्रतिशत घटकर 5.63 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 10 जुलाई तक 1.34 प्रतिशत घटकर लगभग 5.63 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से अधिक 'रिफंड' के कारण कर संग्रह कम हुआ है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। शुद्ध कंपनी कर संग्रह 3.67 प्रतिशत गिरकर लगभग दो लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल समान अवधि में 2.07 लाख करोड़ रुपये था। गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्तिगत, एचयूएफ और फर्म शामिल हैं) 3.45 लाख करोड़ रुपये रहा। एक अप्रैल से 10 जुलाई के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर संग्रह 17,874 करोड़ रुपये रहा।

## अदाणी समूह देश में विश्व-स्तरीय, किफायती स्वास्थ्य परिवेश बनाएगा: गौतम अदाणी



**मुंबई :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को स्वास्थ्य देखभाल में आमूलचूल बदलाव लाने की रूपरेखा पेश की। उन्होंने कहा कि देश में कृत्रिम मेधा (एआई) पर केंद्रित एक किफायती, विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल परिवेश तैयार करने की योजना है। अदाणी ने यहां 'सोसाइटी फॉर मिनिमली इन्वेजिव स्पाइन सर्जरी-एशिया प्रशांत' के पांचवें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को नया स्वरूप देने की जरूरत है। विविध कारोबारों में सक्रिय समूह के प्रमुख ने कहा कि तीन साल पहले उनके 60वें जन्मदिन पर उनके परिवार ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास के लिए 60,000 करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया था। अदाणी ने कहा, हमने स्वास्थ्य सेवा में इसलिए कदम रखा कि इसकी रफ्तार पर्याप्त नहीं थी...। उन्होंने कहा, बदलाव की रफ्तार तात्कालिकता के साथ भविष्य की मांगों का तालमेल नहीं बिठा पा रही थी। जल्द ही यह सच सामने आया कि स्वास्थ्य सेवा को क्रमिक सुधार की नहीं, बल्कि समूची प्रणाली को नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। विकास की नहीं, बल्कि बुद्धिमत्ता और सहानुभूति में निहित एक क्रांति की जरूरत है। अदाणी ने पहले घोषित किए जा चुके 'अदाणी हेल्थकेयर मंदिरों' का जिक्र करते हुए कहा कि अहमदाबाद और मुंबई में स्थापित होने वाले 1,000 बिस्तरों वाले ये एकीकृत चिकित्सा परिसर 'विश्व स्तरीय, किफायती, एआई-प्रधान स्वास्थ्य सेवा परिवेश' होंगे। यहां पर ऐसी अवसंरचना होगी कि महामारी या आपात स्थिति में तेजी से उसका विस्तार किया जा सकेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3150

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | ■ | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | 12 | | ■ | 13 | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | ■ | | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | ■ | 22 | | |
| 23 | | | 24 | ■ | 25 | | | ■ | |
| 26 | | ■ | 27 | | | ■ | ■ | 28 | ■ |
| | ■ | 29 | | ■ | 30 | | | | |

**बायें से दायें :-** 2) पास ही में, 5) एक आश्चर्यसूचक शब्द, 6) आक्रमक, 8) शक, 9) शर्म, 10) की वजह से, 11) एक नदी, 13) मुख, 15) अप्रशिक्षित; ताज़ा, 17) पुनरागमन, 19) अस्थमा, 21) लगा *(ताला)*, 22) क़ातिल, 23) चंदा वसूल करना, 25) व्यतीत, 26) क़ीमत, 27) कबूतर, 29) बूट; छोला, 30) रूढ़िवादी.

**ऊपर से नीचे :-** 1) देहान्त, 2) सेहतमंद, 3) मनबहलाव के लिए इधर-उधर घूमना, 4) खोखला, 5) महत्त्वाकांक्षा; लालसा, 7) हड्डी के भीतर का गुदा, 12) छोरा; छोटा बच्चा, 13) आदरपूर्ण तू, 14) उपदेश, 16) स्मृतिचिन्ह; स्मारक, 17) बहस, 18) मुसाफ़िरख़ाना, 20) महीना, 23) पेट, 24) मापना, 28) इनकार; नहीं नहीं कहना.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | ता | ■ | ■ | है | ■ | अं | गू | र |
| हे | ■ | ब | हि | ष्का | र | ■ | बा | ■ | स्म |
| ली | क | ■ | स्सा | ■ | त | ज | र | बा | ■ |
| ■ | ल | ता | ■ | दू | ■ | न्न | ■ | ग | न्ना |
| स | क | ना | ■ | स | त | त | ■ | डो | ■ |
| हा | ल | ■ | श | रा | ब | ■ | ज | र | ठ |
| नु | ■ | पा | रा | ■ | ■ | के | ला | ■ | सा |
| भू | मि | क | र | ■ | प्र | स | व | ■ | ठ |
| ति | ■ | ■ | त | रु | ण | ■ | न | ख़ा | स |

## सुडोकू-पहेली-3107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 8 | 2 | | 6 | | 7 |
| 9 | | | 7 | 4 | | | | 3 |
| | | 1 | | | | | | 2 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 2 | 9 | 5 | | | | |
| | | 9 | | 1 | | | | |
| 8 | | | | | | 5 | | |
| | 5 | | | 3 | 7 | | 8 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3106 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 2 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 |

# बंगाली भाषी प्रवासी कामगारों को हिरासत में लिए जाने पर तृणमूल और भाजपा में जुबानी जंग




**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर ओडिशा में बंगाली भाषी प्रवासी कामगारों को हिरासत में लिए जाने को लेकर झूठ फैलाने और गरीबी को अपराध बनाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। वहीं, भाजपा ने पलटवार करते हुए ममता बनर्जी सरकार पर अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने और उन्हें फर्जी दस्तावेज मुहैया कराने का आरोप लगाया। यह राजनीतिक विवाद तब और बढ़ गया, जब तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं प्रवासी मजदूर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम ने भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय पर जबरदस्त हमला किया और उन्हें 'झूठ का सरदार' कहा। इस्लाम ने मालवीय से मांग की कि वे साबित करें कि ओडिशा में पकड़े गए 444 प्रवासियों में से 335 के पास पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी किए गए फर्जी दस्तावेज हैं। भाजपा नेता मालवीय पर पलटवार करते हुए इस्लाम ने उन पर कलकत्ता उच्च न्यायालय में झटका लगने के बाद 'फर्जी दावे' करने का आरोप लगाया। मालवीय के आरोप का जवाब देते हुए इस्लाम ने सवाल उठाया कि यदि पकड़े गए अधिकतर लोग वास्तव में बांग्लादेशी थे, तो भाजपा शासित ओडिशा सरकार ने उन्हें रिहा क्यों किया। उन्होंने इस बात का प्रमाण मांगा कि हिरासत में लिए गए प्रवासी विदेशी थे और पूछा कि क्या ऐसे दस्तावेज कभी अदालत में पेश किए गए थे या कानूनी रूप से किसी को वापस भेजा गया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) तक ने यह स्वीकार किया कि सात निर्दोष बंगालियों को गैर कानूनी तरीके से निर्वासित करना उनकी गलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में जारी किए गए पहचान दस्तावेजों को अस्वीकार करना भाजपा के भीतर 'बंगाली विरोधी' पूर्वाग्रह को दर्शाता है। इस्लाम ने आरोप लगाया कि मालवीय को यह भी समझ नहीं आया कि आधार और मतदाता पहचान पत्र केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए दस्तावेज हैं, राज्य सरकार द्वारा नहीं। तृणमूल सांसद ने दावा किया, 'आप दूसरे राज्यों से बंगाल द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों को अस्वीकार करने के लिए कह रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि आप कितने बंगाली विरोधी और पूर्वाग्रही हैं। क्या आधार या ईपीआईसी (मतदाता पहचान पत्र) राज्य सरकारों द्वारा जारी किया जाता है? सबसे अशालीन नेता को कम से कम यह तो पता होना चाहिए कि दिल्ली में आपके आकाओं द्वारा कौन से दस्तावेज जारी किए जाते हैं।' उन्होंने दोहराया कि यदि घुसपैठियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होती है, तो तृणमूल को उस पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि बीएसएफ ने कथित अवैध प्रवासियों को सीमा पार करने की अनुमति कैसे दी। उन्होंने कहा कि गरीब बंगाली भाषी कामगारों को हिरासत में लेना और उन्हें निशाना बनाना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि अपराध भी है। तृणमूल सांसद ने कहा, 'अगर उन घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। अब आपको अमित शाह से पूछना चाहिए कि बीएसएफ ने उन्हें सीमा पार करने की अनुमति कैसे दी। पश्चिम बंगाल के बंगाली भाषी गरीब लोगों को परेशान करना, हिरासत में लेना और हिरासत केंद्रों में रखना गैरकानूनी, असंवैधानिक और अपराध है।' उन्होंने कहा, 'ओडिशा के बाद, अब आज बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, दिल्ली सरकार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से एक नाबालिग समेत छह लोगों को बांग्लादेश वापस भेजने के मामले में सवालों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ अलोकतांत्रिक या गैरकानूनी हिरासत के बारे में नहीं – इस बार अदालत यह जानना चाहती है कि किस कानून के तहत और किस वजह से बीरभूम के मुरारई से एक बच्चे समेत छह लोगों को बांग्लादेश वापस भेजा गया।' उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव को बुधवार को ही इस मामले पर जवाब देने का सख्त निर्देश दिया है। इस्लाम ने कहा, 'दिल्ली से बुधवार तक जवाब मांगा गया है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाली भाषी प्रवासी कामगारों के अधिकारों के लिए हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक उन पर अत्याचार समाप्त नहीं हो जाते।' भाजपा नेता मालवीय ने बदले में तृणमूल पर बांग्लादेशी प्रवासियों के लिए फर्जी दस्तावेजों की सुविधा प्रदान करके घुसपैठ में सहायता करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ओडिशा में 444 संदिग्ध अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा तुरंत सामने आईं और कहा कि ये 'निर्दोष बंगाली' हैं, जिन्हें परेशान किया जा रहा है। लेकिन सच यह है कि इन 444 में से 335 के पास फर्जी दस्तावेज थे – जो खुद तृणमूल सरकार द्वारा जारी किए गए थे। मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'तृणमूल कांग्रेस भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बाढ़ ला रही है, जो दूसरे राज्यों में काम करते हैं, लेकिन ममता बनर्जी को वोट देने के लिए बंगाल लौट आते हैं। हर राज्य को बंगाल से जारी फर्जी दस्तावेजों वाले मजदूरों या कर्मचारियों को काम पर रखते समय बेहद सतर्क रहना चाहिए। यह केवल जनसांख्यिकीय खतरा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता का विषय है।' तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलना अपराध है। पार्टी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'वैध नागरिकता दस्तावेज जमा करने के बावजूद, बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों को परेशान किया जा रहा है, हिरासत में लिया जा रहा है और 'अवैध' करार दिया जा रहा है।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दिल्ली की जय हिंद कॉलोनी और वसंत कुंज में बंगाली भाषी निवासियों को 'जबरन बेदखल' करने और उन्हें 'व्यवस्थित रूप से प्रताड़ित' करने की निंदा की थी।

## अनुब्रत मंडल मामले में बीरभूम के एसपी एनसीडब्ल्यू के समक्ष ऑनलाइन पेश हों : अदालत

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीरभूम जिले के पुलिस अधीक्षक को शुक्रवार को निर्देश दिया कि वह 14 जुलाई को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के समक्ष ऑनलाइन तरीके से पेश हों।अदालत ने यह निर्देश तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल द्वारा एक पुलिस अधिकारी के साथ टेलीफोन पर बातचीत में कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के संबंध में दिया गया है।एनसीडब्ल्यू द्वारा एसपी को जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ ने निर्देश दिया कि आयोग द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज ऑनलाइन माध्यम से भेजे जाएं। अदालत ने निर्देश दिया कि इसके बाद एनसीडब्ल्यू एक तारीख तय कर सकता है, जब एसपी द्वारा नामित अधिकारी आवश्यक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आयोग के समक्ष उपस्थित होगा। न्यायमूर्ति घोष ने निर्देश दिया कि एसपी की दलीलों के उत्तर में एनसीडब्ल्यू द्वारा 25 जुलाई तक हलफनामा दायर किया जाए और याचिकाकर्ता द्वारा एक अगस्त तक प्रत्युत्तर दाखिल किया जाए।पीठ ने निर्देश दिया कि इस मामले की सुनवाई आठ अगस्त को दोबारा की जाएगी। एनसीडब्ल्यू की ओर से पेश हुए उप सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने दलील दी कि आयोग कानून के तहत जांच करने के लिए अधिकृत है।बीरभूम के एसपी ने एक पुलिस अधिकारी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल की कथित आपत्तिजनक भाषा की जांच के संबंध में एनसीडब्ल्यू द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया था।एनसीडब्ल्यू ने 14 जुलाई को बीरभूम के एसपी को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था।बोलपुर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के संबंध में मंडल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।एनसीडब्ल्यू ने इससे पहले कथित घटना के संबंध में एसपी द्वारा दायर की गई कार्रवाई रिपोर्ट पर असंतोष व्यक्त किया था।

## पिछले 24 घंटों में तृणमूल के दो नेताओं की हत्या से दहला बंगाल





**कोलकाता :** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं की हत्या से जहां राजनीतिक हलचल मच गई है। वहीं उक्त घटनाओं से बंगाल दहल गया है। पुलिस व सूत्रों के अनुसार पिछले 24 घंटों में माल्दा में अबुल कलाम आजाद और दक्षिण 24 परगना में रज्जाक खान की हत्या हुई। पहली घटना माल्दा जिले में गुरुवार रात तृणमूल कांग्रेस के एक सक्रिय नेता अबुल कलाम आजाद की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना मानिकचक के गोपालपुर इलाके की है। इस हमले में उनकी पत्नी सहित तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अबुल कलाम अपनी पत्नी और कुछ अन्य लोगों के साथ इंग्लिशबाजार के लक्ष्मीपुर इलाके में एक घर में आयोजित जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गए थे। आरोप है कि पार्टी के दौरान ही उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया और स्थानीय पंचायत समिति के एक सदस्य और उसके साथियों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने अबुल कलाम को बेरहमी से पीटा और धारदार हथियार से कई बार वार किया। जब उनकी पत्नी और अन्य लोग उन्हें बचाने के लिए पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। घटना के बाद सभी घायलों को माल्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अबुल कलाम को मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए इंग्लिशबाजार थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में अब तक दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है और घटना के पीछे की वजह का भी पता लगाया जा रहा है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

वहीं दूसरी घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में तृणमूल कांग्रेस के सक्रिय नेता रज्जाक खान की गुरुवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात चलताबेरिया इलाके में उस समय हुई जब रज्जाक खान अपने घर लौट रहे थे। रज्जाक खान कैनिंग पूर्व के तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला के बहुत करीबी बताया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार रात करीब 9:45 बजे रज्जाक खान पर अचानक हमला किया गया और उन्हें बेहद करीब से गोलियां मारी गईं। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। स्थानीय लोगों और समर्थकों में भारी रोष है और वे दोषियों की जल्द गिरफ्तारी तथा कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। तृणमूल नेता शौकत मोल्ला ने इस हमले के लिए इंडियन सेक्युलर फ्रंट को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक हत्या सोची-समझी साजिश के तहत की गई है और इसके पीछे विपक्षी ताकतें हैं जो बंगाल में शांति भंग करना चाहती हैं। फिलहाल पुलिस ने हत्या की जांच शुरू कर दी है और डॉग स्क्वाड की मदद से सुराग जुटाने की कोशिश की जा रही है। यह घटना बंगाल में हाल के महीनों में तृणमूल नेताओं पर हुए हमलों की कड़ी में एक और गंभीर मामला है।

## 200 करोड़ रुपये की आनलाइन लाटरी धोखाधड़ी में व्यवसायी गिरफ्तार

❑ **कई देशों में बैंक खाते खोलकर धोखाधड़ी से प्राप्त काले धन को सफेद करता था**



**कोलकाता :** ईडी ने लगभग 200 करोड़ रुपये की आनलाइन लाटरी धोखाधड़ी के मामले में एक व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम अभिषेक बंसल है। उसे कोलकाता से सटे न्यू टाउन से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले इस मामले में दो आरोपितों विशाल भारद्वाज और सोनू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया था। वे अब जेल में हैं। ईडी अधिकारियों को विशाल और सोनू से पूछताछ में अभिषेक के बारे में पता चला।

ईडी के वकील ने अदालत में कहा कि अभिषेक इस धोखाधड़ी मामले में विशाल के करीबी सहयोगियों में से एक है। वह दुबई और नेपाल सहित कई देशों में बैंक खाते खोलकर धोखाधड़ी से प्राप्त काले धन को सफेद करता था। अभिषेक ने मुख्य रूप से उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में एक कार्यालय खोला और धोखाधड़ी का गिरोह चलाया। ईडी सूत्रों के अनुसार धोखाधड़ी का यह धंधा मुख्य रूप से दुबई से चलाया जाता था। विशाल का एक करीबी रिश्तेदार इसका मुखिया है। ईडी को शक है कि वह फिलहाल दुबई में है। ईडी सूत्रों के अनुसार, अभिषेक अपने नाम और गुमनाम रूप से सैकड़ों बैंक खाते खोलकर विशाल को किराये पर देता था। उन खातों के जरिए धोखाधड़ी के काले धन को सफेद किया गया और हवाला के जरिए विदेश में भेजा गया। अभिषेक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर पैसे का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जांचकर्ताओं का दावा है कि शुरुआत में इस धोखाधड़ी मामले में कई बैंक खातों में 50 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध लेनदेन का पता चला है।

## कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन पर 14 जुलाई से चलेंगी 72 मेट्रो सेवाएं, बढ़ेगा समय और आवृत्ति

**कोलकाता :** मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी! जोका और मजरहाट के बीच चलने वाली पर्पल लाइन मेट्रो सेवाओं में एक बार फिर वृद्धि की जा रही है। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए मेट्रो रेलवे प्रशासन ने 14 जुलाई 2025, सोमवार से इस खंड पर मेट्रो सेवाओं और परिचालन समय में विस्तार करने का निर्णय लिया है। अब से पर्पल लाइन पर कुल 72 मेट्रो सेवाएं (36 अप + 36 डाउन) चलेंगी, जो पहले 62 (31 अप + 31 डाउन) थीं। मेट्रो अब 24 मिनट के बजाय 21 मिनट के अंतराल पर चलेगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। सेवा का समय भी बढ़ाकर अब सुबह 07:57 बजे से रात 20:32 बजे तक कर दिया गया है, जो पहले 07:57 बजे से 20:17 बजे तक था। पहली मेट्रो मजरहाट से सुबह 07:57 बजे और जोका से 08:00 बजे रवाना होगी, जबकि अंतिम मेट्रो अब जोका और मजरहाट दोनों से रात 20:15 बजे चलेगी। सप्ताहांत यानी शनिवार और रविवार को सेवाएं यथावत बंद रहेंगी। मेट्रो रेलवे का यह कदम निःसंदेह पर्पल लाइन के यात्रियों के लिए राहत लेकर आएगा।

## निर्वाचन आयोग के बाहर प्रदर्शन मामले में टीएमसी के 10 नेता बरी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** दिल्ली की एक अदालत ने निषेधाज्ञा के बावजूद निर्वाचन आयोग के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में तृणमूल कांग्रेस के 10 नेताओं को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है और अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि प्रदर्शन गैरकानूनी था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह स्पष्ट हो कि आरोपियों को निषेधाज्ञा की जानकारी थी या उन्हें तितर-बितर होने का निर्देश मिला था। अदालत ने कहा कि केवल विरोध प्रदर्शन करना संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत मौलिक अधिकार है। बरी किए गए नेताओं में डेरेक ओ'ब्रायन, साकेत गोखले, डोला सेन, सागरिका घोष सहित कुल 10 नेता शामिल हैं।

## अभी सहमे हुए हैं ओडिशा से लौटे प्रवासी मजदूर

**कोलकाता :** ओडिशा के हिरासत शिविरों से बंगाल लौटे प्रवासी मजदूर अभी भी सहमे हुए हैं। इनका कहना है कि उन्हें मानसिक व शारीरिक यातना दी गई। नदिया और मुर्शिदाबाद के 16 प्रवासी मजदूरों को बांग्लादेशी बताकर ओडिशा के अस्थायी हिरासत शिविरों में रखा गया था जहां से वे रिहा होकर लौटे हैं। यहां लौटने पर उन्होंने अपने भयावह अनुभवों के बारे में बताया। कथित तौर पर जब ओडिशा पुलिस उन्हें बांग्ला बोलने के अपराध में प्रताड़ित कर रही थी, तो वहां के ठेकेदारों ने मुंह नहीं खोला, जिनके अधीन वे 10-20 सालों से काम कर रहे थे। उन्हें बांग्लादेशी बताकर काफी परेशान किया गया। श्रमिकों ने बताया कि उन्हें नाश्ते में गुड़ और चूड़ा दिया जाता था। आधे चूड़े में कीड़े भरे होते थे। उन्हें दो वक्त के खाने में चावल-दाल व सब्जी दी जाती थी। हालांकि यह भी सबको नहीं मिलता था। उन्हें हिरासत शिविर में जमीन पर सोना पड़ता था। गौरतलब है कि 25 जून को ओडिशा में काम करने गए बंगाल के 16 श्रमिकों को बांग्लादेशी होने के संदेह में हिरासत में लिया था।

## टीएमसी छात्र नेता ने कालेज परिसर में सिर पर शराब का ग्लास रख महिला संग लगाए ठुमके, भाजपा ने घेरा

❑ **कालेज प्रशासन ने आरोप को झूठा बताया, कहा– घटना उसके संस्थान में नहीं हुई**

❑ **भाजपा ने कहा– टीएमसी के शासन में बंगाल के कालेज शराब पार्टियों और अनैतिक गतिविधियों के अड्डे बन गए हैं**



**कोलकाता :** कोलकाता के ला कालेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर मचे घमासान के बीच एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें कथित रूप से सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े एक छात्र नेता को कालेज परिसर में सिर पर शराब भरी ग्लास लिए ठुमका लगाते देखा जा सकता है। हालांकि समाज्ञा ने इस वीडियो की जांच नहीं की है। प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से इस वीडियो को साझा करते हुए टीएमसी को घेरा। पार्टी ने दावा किया कि यह घटना कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया के भैरव गांगुली कालेज के एक समारोह की है, जहां नशे में धुत होकर कमरहट्टी के टीएमसी छात्र नेता राणा बिस्वास सिर पर शराब का गिलास रखकर महिलाओं के साथ अश्लील हिंदी गानों पर नाच रहे हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि 10 साल पहले इस कालेज से स्नातक होने के बावजूद, उक्त छात्र नेता का प्रभाव अभी भी वहां कायम है। भाजपा ने यह भी दावा किया कि छात्र नेता की मां तृणमूल शासित कमरहट्टी नगर पालिका की पार्षद हैं।

प्रसारित वीडियो में सफेद टीशर्ट पहने एक युवक शार्ट ड्रेस पहनी एक नर्तकी के साथ एनिमल फिल्म के गाने पर नृत्य करता दिख रहा है और दोनों के सिर पर शराब से भरी ग्लास है।

दूसरी ओर, कालेज प्रशासन ने आरोप को झूठा बताते हुए कहा है कि यह घटना उसके संस्थान में नहीं हुई है। संस्थान की ओर से शाम में एक बयान जारी कर कहा गया– बेलघरिया स्थित भैरव गांगुली कालेज के उत्सव के नाम पर जो नृत्य का वीडियो दिखाया जा रहा है और छोटे-बड़े मीडिया व इंटरनेट मीडिया पर फैलाया जा रहा है, उसका इस कालेज से कोई संबंध नहीं है। यह घटना पूरी तरह से झूठी और दुष्प्रचार है। दावा किया कि यह कालेज के बाहर हुए किसी कार्यक्रम का दृश्य है, कालेज के किसी कार्यक्रम का दृश्य नहीं है। यह भी कहा कि कालेज के बारे में ऐसा दुष्प्रचार करने से पहले कालेज प्रशासन से बात कर सच्चाई की जांच करनी चाहिए थी और फिर मीडिया में बात फैलानी चाहिए थी।

इससे पहले राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में शिक्षा की यही हालत है। टीएमसी के शासन में बंगाल के कालेज शराब पार्टियों, शादियों और कई तरह की अवैध और अनैतिक गतिविधियों के अड्डे बन गए हैं, जहां पढ़ाई नहीं होती।

मालूम हो कि ला कालेज में छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हाल में टीएमसी के 50 छात्र नेताओं की सूची जारी करते हुए उनपर राज्य के कालेजों में आतंक फैलाने का आरोप लगाया था।


**कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति**
TRPL TOWER 15B, आर्मेनियन स्ट्रीट, 3 तल्ला, कोलकाता-1
सेवा-केन्द्र : 'स्वर्ग आश्रम' गंगासार रोड नम्बर 1
गंगासागर आने वाले आप सभी तीर्थयात्रीयों के ध्यानार्थ : गंगासागर स्थर 'स्वर्ग आश्रम' भवन में 12 मास A.C./Non A.C. एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है।
गंगासागर जाने हेतु कार्यालय से सम्पर्क करें।
बुकिंग समय : दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक
सम्पर्क सूत्र : 8420998330 / 9433475354 / 6291089708
महेन्द्र कुमार चौधरी – अध्यक्ष
नन्दकिशोर भूतड़ा – सचिव

ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय
|| श्री गणेशाय नमः || || श्री विश्वनाथाय नमः || || श्री हनुमन्ते नमः ||
**ॐ विश्वनाथ सेवा समिति ट्रस्ट ॐ**
**श्रावणी मेला-2025 का उद्घाटन समारोह**
रविवार, दिनांक 13.07.2025 ● प्रातः 11.00 बजे
स्थान : ब्राह्मणपाड़ा, हरिपाल (तारकेश्वर धाम मार्ग)
**समाज सौरभ**
समारोह अध्यक्ष : श्रीयुत् आनन्द कुमार अग्रवाल (चाँदबाबू), सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
उद्घाटनकर्त्ता : श्रीयुत् साँबरमल धनानिया, सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
प्रधान अतिथि : श्रीयुत् ललित कुमार बेरीवाल (श्याम स्टील), सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
प्रधान वक्ता : श्रीयुत् बेचाराम मन्ना, राज्य मंत्री, श्रम मंत्रालय-पं. बंगाल सरकार
विशिष्ट अतिथि : श्रीयुत् उमाशंकर क्याल, सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
श्रीयुत् मनोहरलाल अग्रवाल (दीवान), सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
श्रीयुत् श्यामसन्दर अग्रवाल (यूनियन रोडवेज), सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
श्रीयुत् शंकरलाल कारीवाल, सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
श्रीयुत् के. डी. अग्रवाल (इंजॉय), सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
श्रीयुत् अजय पौद्दार (सोनू), सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी
शिविर उद्घाटन समारोह की श्रीवृद्धि हेतु आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।
गोरधन निगानियां – चेयरमेन-ट्रस्ट बोर्ड; बाबूलाल धनानिया – सभापति; मनीष निगानियां – कोषाध्यक्ष; अजय गुप्ता (निगानियां) – मानद् सचिव
द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, मोहन गोयल, सुमित निगानियां (धनिया), मुकेश निगानियां – संयुक्त संयोजक वृन्द
**श्रावण मेला में हमारे विशिष्ट सहयोगी :**
श्री रामनिवास जिन्दल, श्री विजय गुप्ता (निगानियां), श्री बालकिशन क्याल, श्री जयभगवान सिंघल, श्री गोविन्द राम ढानेवाला, श्री रामअवतार हेतमपुरिया, श्री सुभाष जैन, श्री अनूप पोद्दार, श्री विजय निगानिया, श्री अशोक निगानिया, श्री ओमप्रकाश गुप्ता, श्री राम निगानियां, श्री अंजेश सिंघल, श्री राजेश निगानिया, श्री नेमीचंद सिंघल, श्री राजीव निगानियां, श्री संजय गुप्ता (दिल्ली), श्री सुरेश अग्रवाल, श्री शम्भू दयाल अग्रवाल,
ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय ● ॐ नमः शिवाय

**श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति**
समिति भवन : 42 बड़तल्ला स्ट्रीट, कोलकाता - 7
फोन: 9051471666, 033-22693759 ई-मेल: skvss1939@gmail.com

नर सेवा ही नारायण सेवा है।
**श्रावणी मेला - 2025**
कच्ची रसोई एवं दाल-बाटी-चूरमा की उत्तम व्यवस्था श्रावण माह के प्रत्येक रविवार को
तारकेश्वर मार्ग पर सबसे बड़ी सेवा करने वाली संस्था श्रावण मेला पर समिति द्वारा निःशुल्क सेवा कार्य
चाय, बिस्कुट, शिकंजी, हलवा-चना, दूध, जलेबी, खिचड़ी फल, पुड़ी-साग, एवं दाल-भात-सब्जी, प्राथमिक चिकित्सा विश्रामागार, गर्म पानीकुंड की सुविधा नहाने की व्यवस्था शौचालय, मोबाइल, चार्जर की निःशुल्क व्यवस्था
प्रत्येक सप्ताह 1 लाख कांवड़ियों का विश्रामगृह में प्रवेश
विश्राम गृह का जीर्णोद्वार के दानदाताओं की सूची :
• ओम जालान फाउण्डेशन (श्री ओम जालान)
• सरस्वती देवी दीवान चैरिटेबल ट्रस्ट (श्री मुरारी लाल दीवान)
• सेन्चुरी प्लाई (पद्मश्री श्री सज्जन भजनका)
• हजारीमल दीवान चैरिटेबल ट्रस्ट (श्री बिमल अरुण दीवान)
• बजरंगलाल चैरिटेबल ट्रस्ट (श्री कमला प्रसाद काजरिया)
• लोक सेवा कोष ट्रस्ट (श्रीमती पद्मा देवी कानोड़िया)
12.07.2025 शनिवार सुबह 12:15 बजे 5 चीजों का उद्घाटन
विश्राम गृह जीर्णोद्वार एवं श्रावण मेला का उद्घाटन
उद्घाटनकर्ता : श्री राजेश कुमार जी सोंथालिया (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
प्रधान वक्ता : श्री विवेक गुप्ता (लोकप्रिय विधायक, जोड़ासांको)
सेन्चुरी प्लाई लेडीस पार्क का उद्घाटन एवं जीर्णोद्वार
उद्घाटनकर्ता : श्रीमती स्वेता शर्मा (निदेशक चार्नक हॉस्पिटल एवं समाजसेवी)
जीर्णोद्वार किए गये कमरा नं. 11 का उद्घाटन दिनांक 12.07.2025 शनिवार
स्व. शकुंतला देवी श्यामसुंदर बंसल के सुपुत्र श्री पवन बंसल ने कमरा नं. 11 का जीर्णोद्वार कराया
उद्घाटनकर्ता : श्री विश्वनाथ झुनझुनवाला (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
जीर्णोद्वार किए गये कमरा नं. 19 का उद्घाटन दिनांक 12.07.2025 शनिवार
स्व. माताजी तारा देवी गोयनका एवं स्व. पिताजी चण्डी प्रसाद जी गोयनका की स्मृति में उनके सुपुत्र श्री सुभाषचन्द्र-अंजु गोयनका एवं सुपौत्र राहुल-प्रियंका गोयनका एवं परिवार वालो ने कमरा नं. 19 का जीर्णोद्वार कराया
उद्घाटनकर्ता : श्री बिमल बेगानी (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
रोटी बनाने वाली मशीन का उद्घाटन दिनांक 12.07.2025 शनिवार
स्व. माताजी शान्ती देवी एवं स्व. पिताजी फुलचन्द्र जी अग्रवाल की स्मृति में उनके परिवार एवं उनके सुपुत्र श्री दीपक-मीरा अग्रवाल एवं सुपौत्र देव, आयुष अग्रवाल ने रोटी बनाने वाली मशीन लगवायी
उद्घाटनकर्ता : श्री सुशील जी चौधरी (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
R O प्लांट एवं ठंडा मशीन का उद्घाटन दिनांक 13.07.2025 रविवार
दाता श्री अलोक सुरेका एवं श्री गोपाल अग्रवाल ने प्लांट लगवाया
उद्घाटनकर्ता : श्री ललित जी प्रह्लादका (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
दीप प्रज्वलितकर्ता : श्री एन. के. अग्रवाल (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
जल वाहिनी गाड़ी का उद्घाटन दिनांक 13.07.2025 रविवार
मारवाड़ी संस्कृति मंच की ओर से स्वर्गीय मंटू राम प्रह्लादका व स्वर्गीय शकुंतला प्रह्लादका की स्मृति में उनके पुत्र व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री ललित प्रह्लादका द्वारा प्रदत्त

उद्घाटनकर्ता : श्री ओम जालान (उद्योगपति एवं समाजसेवी)
श्री श्याम (खाटू) मंदिर का निर्माण कार्य प्रारम्भ 17.07.2025 बृहस्पतिवार

श्री मुरारी लाल जी दीवान (उद्योगपति एवं समाजसेवी) के कर-कमलों द्वारा भूमि पूजन किया जायेगा।
पदाधिकारीगणः
सभापतिः विवेक गुप्ता
उप-सभापतिः कमला प्रसाद काजड़िया, शिव रतन गोयनका
प्रधान सचिवः बिमल दीवान उप सचिवः पवन बंसल, सुभाष साँवलदावाला
तारकेश्वर श्रावण मेला सेवाकार्य समिति 2025
मार्ग दर्शक एवं मेला चेयरमैन : राज कुमार बोथरा
संयोजकः पवन बंसल, सुभाष साँवलदावाला एवं मनोज चौधरी
सह-संयोजकः महेश मित्तल, मनीष धानुका, गिरधारीलाल अग्रवाला आदित्य तुलस्यान एवं सुभाष गोयनका
मेला-कमेटी : उमाशंकर जोशी, सुशील जोशी, दीपक अग्रवाल (चन्दननगर) आदित्य दीवान, प्रकाश सांगानेरिया, जयप्रकाश गुप्ता, बिनोद खण्डेलवाल अरुण दीवान, दुर्गीचन्द अग्रवाल, महेश पचलांगिया, बनवारीलाल गुप्ता चुन्नीलाल पटेल, मोहित सुरेका, सज्जन अग्रवाल, सुनील साँवलदावाला बानीपद दास, विनोद अग्रवाल, अनु मिश्रा, संजय अग्रवाल (नीमका थाना) शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, महाबीर नारनोली, गौतम धावले, राजकुमार टिबड़ेवाल रमेश गुप्ता, विशाल दीवान, दीपक जालान, विनय सोंथालिया, महेश काबरा महेन्द्र अग्रवाल, कमल विजयवर्गी, संजय अग्रवाल (पोस्ता), आनन्द दीवान महेश गोयनका, चेतन अग्रवाल, सुमित झुनझुनवाला, अभिषेक अग्रवाल सोवन अदक, गोपाल अग्रवाल, पवन बैद
समिति को अनुदान Karnataka Bank Ltd., Overseas Branch, Kolkata A/c No. 1472500100959301, IFSC : KARB0000147 पर दे सकते हैं

# प्रश्नपत्र में स्वतंत्रता सेनानियों को आतंकवादी बताने पर विश्वविद्यालय की आलोचना




**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में सरकारी विद्यासागर विश्वविद्यालय के इतिहास के एक प्रश्नपत्र में भारतीय क्रांतिकारियों को 'आतंकवादी' बताने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस घटना को लेकर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई जिसके बाद संस्थान को इसे 'मुद्रण त्रुटि' बताते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। यह विवादास्पद उल्लेख स्नातक (प्रतिष्ठा-इतिहास) के छठे सेमेस्टर की परीक्षा (बंगाली में) के प्रश्नपत्र के 12वें प्रश्न में आया। विद्यार्थियों से ब्रिटिश शासन के दौरान 'आतंकवादियों द्वारा मारे गए' मिदनापुर के तीन जिला मजिस्ट्रेटों के नाम पूछे गए थे। बाद में विश्वविद्यालय ने इस त्रुटि को स्वीकार किया और इसे 'प्रूफरीडिंग' में हुई चूक बताया। कुलपति दीपक कर ने शुक्रवार को कहा, 'यह एक मुद्रण संबंधी त्रुटि थी जो प्रूफरीडिंग के दौरान छूट गयी।' उन्होंने कहा, 'एक बार प्रश्नपत्र वितरित कर दिये जाने के बाद इसे ठीक करने का समय नहीं था। मैंने परीक्षा नियंत्रक को एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।' तीन मारे गए जिन मजिस्ट्रेट का जिक्र किया गया, वे जेम्स पेडी, रॉबर्ट डगलस और बर्नार्ड बर्ज थे। इन तीनों को मिदनापुर में उनके अत्याचार के लिए तीन साल के दौरान गोली मार दी गई थी। शिक्षाविद पवित्र सरकार ने इस गलती की निंदा करते हुए कहा, 'स्वतंत्र भारत में ब्रिटिश दमन से लड़ने वाले युवाओं को 'आतंकवादी' कहना अकल्पनीय है – यह शब्द औपनिवेशिक शासकों द्वारा इस्तेमाल किया जाता था।' पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में 'आतंकवादी' उल्लेख को 'बेहद अपमानजनक' बताया। उन्होंने कहा, 'विद्यासागर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों ने 2025 के स्नातक (प्रतिष्ठा-इतिहास) के छठे सेमेस्टर के प्रश्नपत्र में मेदिनीपुर के वीर क्रांतिकारियों को 'उग्रवादी' और 'आतंकवादी' बताकर एक बार फिर हमारे पूज्य स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है।' अधिकारी ने कहा, 'यह कोई अकेली गलती नहीं है, बल्कि हमारे इतिहास को जानबूझकर विकृत किया जाना है। वर्ष 2023 में जो शर्मनाक गलती की गयी थी, अब उसे ही दोहराया गया है। वर्ष 2023 में इतिहास विभाग के प्रमुख और 'पश्चिम बंगाल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्राध्यापक संघ' (डब्ल्यूबीसीयूपीए) में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े एक जाने-माने नेता अध्यापक डॉ. निर्मल कुमार महतो की निगरानी में ऐसी शर्मनाक गलती की गयी थी।' डब्ल्यूबीसीयूपीए तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक संगठन है जिसमें प्राध्यापक शामिल हैं। भाजपा नेता ने पोस्ट किया, 'हैरानी की बात है कि बार-बार की गई चूक के बावजूद डॉ. महतो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे भी बुरी बात यह है कि उनका कद बढ़ गया है, 2023 की गलती के बाद उन्हें डब्ल्यूबीसीयूपीए के संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नत कर दिया गया। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए बता दूं कि अत्याचारी ब्रिटिश जिला मजिस्ट्रेट; बर्ज (1933), पेड्डी (1931) और डगलस (1932) को भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने निशाना बनाया था। पेड्डी की हत्या बिमल दासगुप्ता और ज्योतिजीवन घोष ने की थी।' महतो से उनकी प्रतिक्रिया के लिए संपर्क नहीं किया जा सका, जबकि विश्वविद्यालय सूत्रों ने अधिकारी की टिप्पणी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने इस विवाद से पार्टी को अलग करते हुए कहा, 'प्रश्न कुछ लोगों ने तय किए थे, शिक्षा विभाग ने नहीं। इस बात की जांच होनी चाहिए कि प्रश्नपत्र को किसने मंजूरी दी।' मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सुजान चक्रवर्ती और कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने भी इस शब्दावली की निंदा की और इसे 'स्वतंत्र भारत में अकल्पनीय' बताया। उन्होंने इस तरह की चूक की अनुमति देने के लिए तृणमूल सरकार को जिम्मेदार ठहराया। विश्वविद्यालय को और अधिक शर्मिंदगी का सामना तब करना पड़ा जब शुक्रवार को स्नातक (प्रतिष्ठा-राजनीति विज्ञान) की परीक्षा रद्द कर दी गई, क्योंकि प्रश्नपत्र 'पाठ्यक्रम से बाहर' का था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि अगले हफ्ते दोबारा परीक्षा कराई जाएगी।

## रेलवे में सिर्फ मेरिट से भर्ती, पूर्व रेलवे ने दी फर्जी रैकेट पर चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने देशभर में बढ़ रहे नकली नौकरी रैकेट के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि रेलवे में रोजगार के अवसर केवल रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और रेलवे भर्ती सेल (आरआरसी) के माध्यम से योग्यता के आधार पर ही मिलते हैं। हालिया जांचों में यह पाया गया है कि कुछ फर्जी दस्तावेज और नकली नियुक्ति पत्र बनाकर ठग रेलवे नौकरी चाहने वालों से अवैध वसूली कर रहे हैं। इस धोखाधड़ी से न केवल उम्मीदवारों की आर्थिक हानि होती है, बल्कि वे कानूनी जटिलताओं में भी फंस जाते हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने इस गंभीर समस्या को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाते हुए कई नकली नियुक्ति रैकेट का पर्दाफाश किया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरपीएफ ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर रेलवे में फर्जी नौकरी के झूठे वादे कर धन ठगने का आरोप है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 आरोपी 8 मामलों में, 2024-25 में 2 आरोपी 2 मामलों में, और 2025-26 के अप्रैल से जून तक 1 आरोपी 1 मामले में गिरफ्तार किए गए। यह संख्या आरपीएफ की इस प्रकार की धोखाधड़ी के खिलाफ जारी लड़ाई को दर्शाती है। पूर्व रेलवे ने बार-बार जागरूकता अभियान चलाकर नौकरी चाहने वालों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना संबंधित अधिकारियों को देने का आग्रह किया है। रेलवे भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष है, और परीक्षा शुल्क भी न्यूनतम रखा गया है, जो कुछ श्रेणियों में माफ भी किया जाता है।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में गुरू पूर्णिमा पर श्रीमद्भागवत गीता का वितरण




**हावड़ा :** लिलुआ के अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में छात्राओं द्वारा गुरूवंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ( देवरालिया ), प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उप - प्राचार्या काकोली नाग उपस्थित रहीं। गुरू के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता के भाव से छात्राओं ने सभी का स्वागत तिलक लगाकर और गुरू वंदना से किया। जीवन में सही मार्गदर्शन, संतुलन, दार्शनिकता, नैतिकता और आध्यात्म का ज्ञान भगवद्गीता गीता से अर्जित करने की प्रेरणा देते हुए अध्यक्ष श्री देवरालिया और प्राचार्य श्री श्रीवास्तव द्वारा कक्षा सात की 370 छात्राओं को भगवद्गीता की पुस्तक प्रदान की गई। गुरू- शिष्य के साथ के महत्त्व को नमन करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

## द हेरिटेज कॉलेज में टैगोर और गांधी पर एक खास व्याख्यान का आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज कॉलेज, कोलकाता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध इतिहासकार और अशोक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) रूद्रांग्शु मुखर्जी ने टैगोर और गांधी: सार्वजनिक विचार विमर्श की विरासत विषय पर एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। आधुनिक भारतीय इतिहास के ख्यातिप्राप्त विद्वान प्रो. मुखर्जी ने अपने व्याख्यान में रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के मध्य विद्यमान वैचारिक गहराई, ऐतिहासिक पत्राचार, वैचारिक भिन्नताओं और नैतिक एकता को व्यापक संदर्भों में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे ये दोनों महान विभूतियां सार्वजनिक विमर्श, शिष्ट असहमति और परस्पर सम्मान की अद्वितीय परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रो. मुखर्जी ने गांधी को तपस्या का प्रवक्ता और टैगोर को आनंद का कवि बताते हुए दोनों के दृष्टिकोणों में निहित विरोधाभासों के बावजूद आत्मनिर्भर, समावेशी और नैतिक भारत की साझा कल्पना पर बल दिया। उन्होंने हिंद स्वराज की दार्शनिक विशेषताओं की व्याख्या करते हुए उसकी समकालीन प्रासंगिकता को रेखांकित किया और कहा कि आज के समय में लोकतांत्रिक संवाद और असहमति की गरिमा को बनाए रखना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है।

इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, प्रो. मुखर्जी का व्याख्यान हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने न केवल हमारे शिक्षण वातावरण को समृद्ध किया, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नैतिक दृष्टिकोण पर गहन विचार प्रस्तुत किए, जो आज के युग में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह आयोजन हेरिटेज कॉलेज की उस निरंतर पहल का हिस्सा था, जिसके अंतर्गत देश-विदेश के विचारकों को आमंत्रित कर राष्ट्रीय व वैश्विक महत्व के विषयों पर संवाद स्थापित किया जाता है।

## हावड़ा स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान में वसूला गया 3.32 लाख का जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने शुक्रवार को हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान चलाया। इस अभियान का संचालन रेलवे मजिस्ट्रेट तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा कोचिंग (एसीएम/एचसी) के नेतृत्व में किया गया। इस विशेष जांच अभियान में कुल 900 मामलों में टिकट संबंधी अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें से 695 मामले बिना टिकट यात्रा के थे। इस दौरान यात्रियों से कुल 3,32,980/- की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। जांच को प्रभावशाली बनाने के लिए एक समन्वित टीम गठित की गई, जिसमें 44 ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई), 21 टिकट एग्जामिनर (टीई), 4 मुख्य टिकट निरीक्षक, 7 आरपीएफ और 2 जीआरपी के कर्मी शामिल थे। पूर्व रेलवे के अनुसार, इस तरह के अभियान टिकट रहित यात्रा जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक हैं, जिससे रेलवे को होने वाले राजस्व घाटे को रोका जा सके और वास्तविक किराया देने वाले यात्रियों को निष्पक्ष व सुरक्षित यात्रा वातावरण प्रदान किया जा सके।

## हावड़ा डिवीजन में ट्रैक कार्य के चलते रविवार को कई लोकल ट्रेनें रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा**

हावड़ा डिवीजन के वर्दवान स्टेशन सीमा के अंतर्गत अप मेन लाइन पर ट्रैक रखरखाव कार्य के चलते 13 जुलाई (रविवार) को कुछ ईएमयू लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। रद्द की गई ट्रेनों में हावड़ा से चलने वाली 36811, 37811, 37211 ट्रेनें, बंडेल से 37781, 37783, 37785 ट्रेनें और वर्दवान से 37782, 37786, 36822, 37824, 37826 ट्रेनें शामिल हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा योजना बनाते समय इस सूचना को ध्यान में रखें और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था करें।

## पायनियर ग्लोबल ने भुवनेश्वर में विदेश शिक्षा और व्यापार निवेश पर किया मेगा इवेंट



**कोलकाता/भुवनेश्वर:** पायनियर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फॉर्च्यून पार्क में एक मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें विदेशों में अध्ययन, माइग्रेशन, व्यापार संबंधी निवेश और शिक्षा ऋण पर विशेष चर्चा हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रधान वक्ता कंपनी के सीईओ ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले प्रसिद्ध माइग्रेशन विशेषज्ञ अमर नाथ राय थे। कार्यक्रम के शैक्षिक सत्र में उन्होंने छात्रों को विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों में उपलब्ध कोर्स, स्टूडेंट वीजा प्रक्रिया तथा विदेशों में रोजगार के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन एवं कानूनी सलाह दी। साथ ही, विदेश में पढ़ाई के दौरान मिलने वाली संभावनाओं से अवगत कराया। दूसरे सत्र में आयोजित बिजनेस सबमिट में अमर नाथ राय ने व्यापारियों को विदेशों में निवेश के लिए आवश्यक कानूनी दिशा-निर्देश विस्तारपूर्वक समझाए। कार्यक्रम में छात्रों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर एजुकेशन लोन विशेषज्ञ अविनाश कुमार सिंह ने भी शिक्षा ऋण से जुड़ी बैंकों की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया। पायनियर ग्लोबल की ओर से अल्ताफ राजा, साहिल, मुस्कान श्राफ और स्नेहा राय ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## अलुआबाड़ी-ठाकुरगंज रेल खंड के दोहरीकरण को मिली मंजूरी, पूर्वोत्तर को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार ने उत्तर बंगाल और बिहार को जोड़ने वाले अलुआबाड़ी-ठाकुरगंज रेल खंड के दोहरीकरण को हरी झंडी दे दी है। करीब 342.7 करोड़ की लागत से बनने वाली यह परियोजना 19.95 किलोमीटर लंबी होगी और इसे तीन साल में पूरा किया जाएगा। यह रेल खंड उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) और किशनगंज (बिहार) जिलों से होकर गुजरेगा। इस रूट पर चार स्टेशन-अलुआबाड़ी रोड जंक्शन, पोठिया, तैयबपुर और ठाकुरगंज जंक्शन होंगे। परियोजना के तहत 9 बड़े और 6 छोटे पुल, 8 अंडरपास, 25 टन लोडिंग क्षमता, 125 केवी विद्युतीकरण और 130 किमी प्रति घंटे की गति सीमा तय की गई है। सुरक्षा के लिए 'कवच' सिग्नलिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा। रेल मंत्रालय के मुताबिक, इस दोहरीकरण से इस रूट पर रेल यातायात की क्षमता बढ़ेगी और मालगाड़ियों की आवाजाही तेज होगी। पहले साल 0.296 मिलियन टन, छठे साल 0.348 मिलियन टन और ग्यारहवें साल 0.408 मिलियन टन माल ढुलाई का अनुमान है। इस प्रोजेक्ट से पूर्वोत्तर भारत को रणनीतिक बढ़त भी मिलेगी। सीमावर्ती इलाकों तक सेना और जरूरी साजो-सामान की आपूर्ति आसान होगी। साथ ही दार्जिलिंग जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंच बेहतर होगी, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की सोच को मजबूती देगा और पूर्वोत्तर राज्यों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में अहम साबित होगा।

## आचार्य श्री भिक्षु जी की 300वीं जयंती पर तेरापंथ युवक परिषद बेहाला का भजन संध्या का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** तेरापंथ धर्मसंघ के प्रवर्तक आचार्य श्री भिक्षु जी की 300वीं जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद बेहाला द्वारा एक विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन बेहाला स्थित ऑक्सफोर्ड व्यू कॉम्प्लेक्स के लाइब्रेरी हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति सुप्रसिद्ध भजन गायक पारस बरड़िया द्वारा दी गई, जिनके भक्तिरस में डूबे भजनों ने उपस्थित श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। लगभग 40 श्रद्धालुजनों ने भावपूर्ण सहभागिता कर इस आयोजन को सफल और यादगार बनाया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से समस्त लाभार्थी परिवारों और उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

आयोजकों ने कहा कि आप सभी के सहयोग और उपस्थिति से यह आयोजन न केवल सार्थक रहा, बल्कि सभी के लिए एक स्मरणीय अनुभव बन गया। लाभार्थी परिवारों में शांता देवी चोपड़ा परिवार, नरपत बैंगानी परिवार, अशोक बैंगानी परिवार, सायर देवी भुतोड़िया परिवार शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन मेहुल जैन और अभिनंदन बैंगानी द्वारा किया गया।

## श्रावणी मेला के दौरान मधुपुर और वाराणसी के बीच अतिरिक्त ट्रेन सेवा होगी शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने मधुपुर और वाराणसी के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन मेले के दौरान अतिरिक्त यात्रीभार को संभालने के लिए अतिरिक्त क्षमता और सुविधा प्रदान करेगी। मधुपुर से वाराणसी के लिए 03157 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को 14 जुलाई से 4 अगस्त तक कुल चार यात्राएं करेगी। यह ट्रेन मधुपुर से दोपहर 12:10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 11:30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वहीं, वाराणसी से मधुपुर के लिए 03158 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को 15 जुलाई से 5 अगस्त तक चार यात्राएं करेगी। यह ट्रेन वाराणसी से सुबह 1:50 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2:30 बजे मधुपुर पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन दोनों तरफ यात्रा के दौरान पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के तहत जसीडीह और सिमुलतला समेत 15 स्टेशनों पर ठहरेगी।

## कोलकाता में श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के शीतल जल प्याऊ का हुआ उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की सामाजिक संस्था श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा केष्टोपुर कॉलेज मोड़, वी.आई.पी. रोड पर मशीन संचालित शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया। यह जल प्याऊ देवराज चक्रवर्ती (एम.आई.सी.) एवं वार्ड 18 के पार्षद इंद्रनाथ बगुई तथा दानदाता तुलसी राम और बिमला अग्रवाल के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उप सचिव पवन बंसल और सुभाष सावालदावाला की उपस्थिति रही। समिति के मार्गदर्शक राजकुमार बोथरा के निर्देशन में यह आयोजन संपन्न हुआ। यह प्याऊ स्व. राम प्रताप एवं गंगा देवी की स्मृति में श्री तुलसी राम, श्रीमती बिमला अग्रवाल, श्री विनय, विकास और राजीव अग्रवाल द्वारा स्थापित किया गया। श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के प्रयासों से कोलकाता एवं उपनगरीय क्षेत्रों में कई शीतल जल प्याऊ संचालित हैं तथा भविष्य में और भी निर्माण की योजना है। इस कार्यक्रम की सफलता में सुभाष गोयनका, मनोज चौधरी, महेश काबरा, दीपक अग्रवाल (चंदननगर), राजेश अग्रवाल, दिनेश खेमका, दुलार खेमका व अरिदिप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने किया यूपी के पूर्व मंत्री का भव्य सम्मान

❑ **मानव सेवा ही क्षत्रिय धर्म है : राजेंद्र प्रताप सिंह**




**कोलकाता, समाज्ञा :** मानव सेवा ही क्षत्रियों का धर्म है। इस पर हर क्षत्रिय को गर्व होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह (मोती सिंह) ने बातें कहीं। वे हुगली के वैद्यवाटी स्थित सिल्वर टॉस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रहे थे। वे पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर आए थे। इस बीच अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस सम्मान से पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह (मोती सिंह) अभिभूत हो गए। उन्होंने कहा कि अपने अबतक के राजनीतिक जीवन में ऐसा भव्य और गौरवपूर्ण सम्मान नहीं देखा था। इसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह (जेपी सिंह) ने समारोह में पूर्व मंत्री के आने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज जरूरतमंद लोगों की सेवा में रत हैं। गंगासागर तीर्थयात्रियों की भरपूर सेवा के लिए सागर द्वीप में अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के धर्मशाला का निर्माण जोर शोर से चल रहा है। जल्द ही भवन तैयार होगा। उत्तर प्रदेश की पट्टी नगर पालिका के चेयरमैन अशोक कुमार जयसवाल तथा पंडित आशुतोष तिवारी भी पूर्व मंत्री के साथ आए थे। मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष शेखर सिंह, महासचिव शंकर बक्श सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट के सचिव कृष्ण कुमार सिंह, समाज के संरक्षक चंद्रिका बक्श सिंह, सारनाथ सिंह, दिनेश सिंह, उमानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। राजेंद्र प्रताप सिंह ने कोलकाता के काली घाट और दक्षिणेश्वर में मां काली के दर्शन-पूजन किए। मौके पर गुड्डन सिंह उपस्थित थे।

## अब बच्चे पढ़ेंगे एआई का पाठ, हावड़ा में भी बच्चों को शिक्षित करेगा मोरविटेल्स

**हावड़ा, समाज्ञा :** इंटरनेशनल मोंटसरी काउंसिल ऑफ अमेरिका से प्रमाणित और उसके साथ संबंध स्कूल मोरबी टेल्स अब हावड़ा में भी खुल चुका है। इसका उद्घाटन हाल ही में किया गया है। यहां प्री स्कूल व डे केयर उपलब्ध है। दाखिला भी शुरू हो चुका है। एआई के दौर में छोटे बच्चों के लिए यहां सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। बच्चों के लिए स्मार्ट बोर्ड है।



बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए वुडेन फर्नीचर और हाइजीन का भी पूरा ध्यान यहां पर रखा गया है। छोटे बच्चों के खेलने की सुविधाएं देखने लायक है। थाईलैंड बेस्ड वॉल गेम्स बच्चों को काफी पसंद आएगा। उम्र 2 साल से 4 साल तक के बच्चों को यहां शिक्षा दी जाएगी। हावड़ा मैदान के निकट 27/3 जी.टी.रोड (साउथ) हावड़ा के पहले तल पर स्कूल खुला है। संस्थान का दावा है कि अंग्रेजी माध्यम का ऐसा स्कूल यहां फिलहाल नहीं उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए गेम, तीन क्लास रूम, एक डे केयर व प्ले हाउस अलग है। डिजिटल इंटरएक्टिव वॉल गेम्स भी उन्हें पसंद आएगा। स्कूल के संस्थापक एन के शर्मा, सीए सीए कृष्णा नाधानी, डॉ संदीप दे, असित सिंह विशाल गिरी हैं। अभी एडमिशन पर 10 परसेंट डिस्काउंट भी दिया जा रहा है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों के हमले में बीएसएफ जवान घायल, मादक पदार्थों के साथ दो तस्कर दबोचे गए

❑ **10 किलो गांजा, 100 फेंसेडिल की बोतलें और एक धारदार हथियार बरामद**

❑ **सतर्क जवानों ने तस्करों के मंसूबों को किया नाकाम**




**कोलकाता :** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक बार फिर बांग्लादेशी तस्करों के दल ने बीएसएफ जवानों पर हमला कर जबरन तस्करी की कोशिश की। हालांकि बीएसएफ की 143वीं बटालियन की सीमा चौकी तराली-1 के सतर्क जवानों ने इस हमले का दृढ़ता से सामना करते हुए तस्करों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि तस्करों के हमले में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया, जिसे बाएं हाथ में चोट आई है। वहीं, इस अभियान के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ मौके से 10 किलो गांजा, प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की 100 बोतलें और एक धारदार हथियार बरामद किया गया। यह घटना सीमा चौकी तराली-1 इलाके में रात करीब 01:50 बजे की है। प्रवक्ता ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी जवानों ने अत्यंत संयम बरतते हुए आत्मरक्षा में फायरिंग की और तस्करी की इस कोशिश को पूरी तरह विफल कर दिया।

अधिकारियों के अनुसार, रात करीब 01:50 बजे अग्रिम चेक पोस्ट पर ड्यूटी दे रहे जवान ने तीन से चार संदिग्ध व्यक्ति को कुछ सामानों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर बढ़ते देखा। जवान ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए अपने साथी को अलर्ट किया और तस्करों की दिशा में तेजी से बढ़ा। जवान ने उन्हें रुकने के लिए कहा, लेकिन वे नहीं रुके और पत्थरबाज़ी, गाली-गलौज व टार्च लाइट का प्रयोग करते हुए आक्रामक तरीके से बढ़ते रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जवान ने गैर घातक पीएजी से चेतावनी स्वरूप हवा में एक राउंड फायर किया। इसका भी कोई असर नहीं हुआ एवं तस्कर और उग्र हो गए तथा जवान के अत्यधिक निकट आकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे जवान घायल हो गया। इसी दौरान अन्य जवान भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद अंधेरे और पास के घरों का लाभ उठाकर तस्कर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन सतर्क जवानों ने पीछा कर दो तस्करों को पकड़ लिया। इलाके की गहन तलाशी में 100 फेंसेडिल की बोतलें और एक धारदार दाह बरामद हुआ। बीएसएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए गिरफ्तार तस्करों के साथ जब्त सामानों को स्थानीय थाने को सौंप दिया है।

❑ **बीजीबी की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से अपराधियों के हौसले बुलंद : बीएसएफ**

बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि हमारे जवान असाधारण साहस, प्रतिबद्धता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। बांग्लादेशी अपराधियों द्वारा जबरन घुसपैठ, तस्करी और लगातार हमलों को लेकर बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ बार-बार फ्लैग मीटिंग कर उन्हें सचेत किया गया है, बावजूद इसके उनकी ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बीजीबी की इस निष्क्रियता से तस्करों और अपराधियों के हौसले और बढ़ गए हैं। इसके बावजूद बीएसएफ के जवान सीमाओं की रक्षा करने और हर परिस्थिति में राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## एआईआईएचएंडपीएच में विश्व जनसंख्या दिवस पालित



**कोलकाता,समाज्ञा :** अखिल भारतीय स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य संस्थान (एआईआईएच एंड पीएच), कोलकाता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के अद्वितीय जन स्वास्थ्य (पीएच) संस्थान के रूप में जन स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण नवाचारों में योगदान दे रहा है। इसी क्रम में सांख्यिकी विभाग ने अन्य विभागों के साथ मिलकर शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एवं स्वास्थ्य संस्थान के मुख्य परिसर स्थित सभागार में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। विषय था युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावान दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना।

कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं मानव संसाधन संस्थान के निदेशक डॉ. मानस के. कुंडू के स्वागत भाषण से हुई। तकनीकी सत्र में सांख्यिकी विभाग के निदेशक-प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष रंजीत के. तिवारी ने जनसंख्या गतिशीलता, विश्व एवं भारत की जनसंख्या विशेषताओं, जनसंख्या वृद्धि आदि के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता की मानव अधिकार एवं मानव विकास विभागाध्यक्ष डॉ. पायल रॉय चौधरी दत्ता थीं और उन्होंने जनसंख्या के व्यापक पहलुओं पर एक प्रस्तुति एवं व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विषय से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तकनीकी सत्र के बाद विषय पर आधारित एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें पैनलिस्ट रंजीत के. तिवारी (विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी), डॉ. सी.एस. टाकलीकर (विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश एवं आर्थिकी), डॉ. पायल रॉय चौधरी दत्ता, विभागाध्यक्ष (मानव अधिकार एवं मानव विकास) और रोहित खन्ना थे।

# हुगली में मेट्रिमोनियल साइट के जरिए 44 लाख की ठगी



❑ दो गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**हुगली, समाज्ञा :** शादी का झांसा देकर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मेट्रिमोनियल साइट पर व्यवसायी बनकर एक युवक ने पहले एक युवती से संपर्क साधा, फिर धीरे-धीरे उसका और उसके परिवार का विश्वास जीतकर कुल 44 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने जब अपने साथ धोखाधड़ी का एहसास किया, तब 26 मई को हुगली साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस मामले में एक हफ्ते पहले अभिषेक राय नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। गुरुवार रात, दूसरे आरोपी जाहिर अब्बास को भी गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन मुख्य आरोपी, जो व्यवसायी बनकर युवती के संपर्क में आया था, अब भी फरार है। हुगली ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण सरकार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि साल 2024 में, एक मेट्रिमोनियल साइट के जरिए हुगली की एक युवती की पहचान एक युवक से हुई, जिसने खुद को व्यवसायी बताया था। जनवरी 2025 में युवक ने युवती को बताया कि उसका जीएसटी न भर पाने के कारण बैंक अकाउंट फ्रीज हो गया है और वह दोबारा व्यापार शुरू नहीं कर पा रहा है। मदद की गुहार लगाते हुए युवक ने युवती को एक अकाउंट नंबर दिया और धोखे से किश्तों में कुल 44 लाख रुपये मंगवाए। पैसे लेने के बाद युवक ने मेट्रिमोनियल साइट से अपना प्रोफाइल भी डिलीट कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि अभिषेक राय झारखंड के देवघर का निवासी है और कोलकाता के गरिया में उसका एक फ्लैट भी है। वहीं, दूसरा आरोपी जाहिर अब्बास हुगली के खानाकुल का रहने वाला है। मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। हुगली में इस तरह का यह पहला मामला है, जब मेट्रिमोनियल साइट के जरिए इतनी बड़ी ठगी हुई हो।

## भारतीय सिनेमा को मिलेगा नया मंच, स्क्रीन अकैडमी का हुआ शुभारंभ

**दुर्गापुर,समाज्ञा:** इंडियन एक्सप्रेस समूह और स्क्रीन ने 'स्क्रीन अकैडमी' नामक एक नई गैर-लाभकारी संस्था की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की उभरती प्रतिभाओं को आगे लाना है। यह अकैडमी देश के प्रमुख फिल्म संस्थानों- एफटीआईआई (पुणे), सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (कोलकाता) और व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल (मुंबई)-के छात्रों को स्नातकोत्तर फेलोशिप प्रदान करेगी। यह पहल लोढ़ा फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई है और इसमें ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा, कान पुरस्कार विजेता पायल कपाड़िया, ऑस्कर विजेता साउंड डिज़ाइनर रेसुल पूकुट्टी और निर्माता रॉनी स्क्रूवाला जैसे दिग्गज फिल्मकार बतौर मार्गदर्शक शामिल हैं।

## शारदा मां के ऐतिहासिक घर पर अवैध निर्माण को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट का कड़ा निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बागबाजार में स्थित शारदा मां के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले घर पर अवैध निर्माण की समस्या ने गंभीर रूप ले ली है। इस मामले में भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं और उन्होंने घर के कुछ हिस्सों पर कब्जा जमा लिया है। पारिवारिक सदस्यों द्वारा नगर निगम को 2021 में शिकायत देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर उन्होंने कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने पूरे मामले की गहन जांच कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि अवैध तरीके से निर्मित हिस्सों को 30 दिनों के अंदर गिराया जाना चाहिए। यह घर मां शारदा की स्मृतियों से जुड़ा हुआ है और श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। घर के पहले निवासी चंद्रमोहन दत्त, जो मां शारदा के अनुयायी थे, को यह घर मां द्वारा दान में दिया गया था। उनके पोते कार्तिकचंद्र दत्त के निधन के बाद प्रमोटरों द्वारा घर पर कब्जा बढ़ाने की कोशिशें शुरू हुईं। परिवार के वर्तमान सदस्य समीर दत्त और उनके भाई घर के शेष हिस्से में रह रहे हैं। आरोप है कि केवल चार फुट चौड़ी गली के बावजूद प्रमोटरों ने तीन मंजिला भवन के लिए अनुमति प्राप्त कर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया। नगर निगम के निरीक्षण के बावजूद अवैध निर्माण नहीं रुका, जिसके कारण हाई कोर्ट ने कड़ा आदेश जारी किया है। अदालत का यह फैसला इस ऐतिहासिक संपत्ति की सुरक्षा के साथ-साथ शहर में अवैध निर्माण को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## टोटो से करंट लगने पर आवारा कुत्ते की दर्दनाक मौत, टोटो मालिक पर लापरवाही का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के अंदुल रोड स्थित सरकारी आवास परिसर में शुक्रवार सुबह एक आवारा कुत्ते की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परिसर में खड़ी एक टोटो में बिजली की तारें पहले से जुड़ी हुई थीं। कुत्ता जब उस टोटो पर आराम करने के लिए चढ़ा, तो करंट की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह सैर पर निकले स्थानीय लोगों ने कुत्ते का शव टोटो के पास पड़ा देखा। घटना की जानकारी मिलते ही पशु प्रेमियों ने शिवपुर बॉटनिकल गार्डन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। स्थानीय निवासी और टोटो मालिक सौमित्र साहा पर आरोप है कि उन्होंने जानबूझकर टोटो में बिजली के तार लगाए थे, जिससे कुत्ते की जान चली गई। पशु प्रेमियों ने चिंता जताई कि अगर वहां कोई बच्चा या बुजुर्ग होता, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।


**खड़गपुर मंडल पर पार्किंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी सूचना संख्या: कॉम/जी-30/2/पार्किंग/सीपीआरओ/25/09 दिनांक: 10.07.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, पाँशकुड़ा में दोपहिया वाहन पार्किंग, देउलटि (दक्षिण) और कलाइकुण्डा में मिश्रित पार्किंग के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पार्किंगकेजीपी 25-09, नीलामी तिथि: 25.07.2025, नीलामी शुरू होने का समय: 11:00 बजे और बंद होने का समय: 11.50 बजे,** जिसे वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर अधिसूचित किया गया है। इच्छुक पार्टियां और ठेकेदार इसका संज्ञान लें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर जाएं। पूछताछ/स्पष्टीकरण यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-385) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# एसएससी भर्ती मामले में हाई कोर्ट का सख्त कदम, राज्य को दस्तावेज जमा करने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट ने एसएससी भर्ती नियमावली और विज्ञप्ति के खिलाफ चुनौती मामले में राज्य सरकार से महत्वपूर्ण दस्तावेज मांगने का आदेश दिया है। यह मामला लगभग 26 हजार शिक्षक और शिक्षा कर्मियों की नौकरियों के रद्द होने से जुड़ा है, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी और संबंधित दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट में जमा किए जा चुके हैं। अब हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया है कि ये दस्तावेज आगामी सुनवाई में कोलकाता हाई कोर्ट में भी प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही, राज्य सरकार को नई नियमावली और विज्ञप्ति के उन हिस्सों पर जवाब देना होगा जिन पर याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत भर्ती प्रक्रिया में पुनः परीक्षा आयोजित करने और समय सीमा तय करने का निर्देश दिया गया था, जिसके अनुरूप आयोग ने मई के अंत में नई भर्ती विज्ञप्ति जारी की। लेकिन यह विज्ञप्ति सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार पूरी तरह उपयुक्त नहीं मानी गई, जिसके कारण जून की शुरुआत में हाई कोर्ट में याचिका दायर हुई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'चिह्नित अयोग्य' घोषित उम्मीदवार भी नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो गए हैं।

मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और स्कूल सेवा आयोग ने 'चिह्नित अयोग्य' उम्मीदवारों के संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट की। अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी यह नहीं कहा कि 'चिह्नित अयोग्य' उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते, लेकिन उन्हें आयु आधारित छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि ये उम्मीदवार भाग नहीं ले सकते तो 2016 की भर्ती प्रक्रिया में असफल उम्मीदवार भी भाग नहीं ले पाएंगे। इस पर न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने आयोग की व्याख्या को अस्वीकार किया। सवाल-जवाब के बाद न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने आदेश दिया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार 'चिह्नित अयोग्य' उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से बाहर किया जाए और यदि किसी ने पहले आवेदन किया है तो उसे निरस्त माना जाए। साथ ही, नए सिरे से भर्ती विज्ञप्ति जारी करने का निर्देश भी दिया गया। इस सिंगल बेंच के आदेश को राज्य सरकार ने चुनौती दी थी, लेकिन डिवीजन बेंच ने गुरुवार को इस आदेश को बरकरार रखा।

# कुमारतुली घाट के पुनर्विकास हेतु एसएमपी कोलकाता और अदाणी पोर्ट्स ने मिलाया हाथ




**कोलकाता, समाज्ञा :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) और अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) ने कोलकाता के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व वाले कुमारतुली घाट के जीर्णोद्धार, पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता एसएमपी कोलकाता की स्वच्छता पहल के तहत एक ऐतिहासिक साझेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर एसएमपी के अध्यक्ष रथेंद्र रमण, एपीएसईजेड के व्यवसाय विकास अध्यक्ष सुब्रत त्रिपाठी, सलाहकार संजय के. थाडे, एसएमपी के उपाध्यक्ष सम्राट राही तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एमओयू पर हस्ताक्षर एसएमपीके मुख्यालय में हुआ। कुमारतुली घाट, जो पारंपरिक मूर्ति निर्माण की समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, अब पर्यावरणीय स्थिरता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता के साथ पुनर्विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य घाट की ऐतिहासिक वास्तुकला को संरक्षित करते हुए उसे अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और सभी के लिए स्वागत योग्य बनाना है। एसएमपी के अध्यक्ष रथेंद्र रमण ने इसे कोलकाता की कलात्मक आत्मा का पुनरुद्धार बताया और अदाणी पोर्ट्स के सहयोग की सराहना की। वहीं, एपीएसईजेड के सुब्रत त्रिपाठी ने कहा कि यह पहल कोलकाता की विरासत से जुड़ाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक आदर्श उदाहरण है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत सेवड़ाफुली स्टेशन (सी कैटेगरी) में रिफ्रेशमेंट रूम के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिनके पास (क) कैटरिंग व्यवसाय में न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव है, (ख) कैटरिंग व्यवसाय से पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के किसी एक वर्ष में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क के 4.5 गुना का न्यूनतम वार्षिक कारोबार है और (ग) पूर्ववर्ती सभी तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रु. 4.5 लाख का लाभ या हानि + संचित आरक्षित + शेयर पूंजी है। विस्तृत निविदा अधिसूचना www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **05 वर्षों के लिए सेवड़ाफुली स्टेशन में रिफ्रेशमेंट रूम का आवंटन। स्टेशन कोड:** एसएचई, **कैटेगरी:** सी, **स्थान:** निविदा कागजात के साथ उपलब्ध स्केच के अनुसार, **आरक्षण की कैटेगरी:** जनरल, **न्यूमतम लाइसेंस शुल्क/आरक्षित मूल्य प्रति वर्ष :** रु.3,13,503/-, **अनुबंधित मूल्य:** रु.16,30,216/-, **बयाना राशि :** रु. 32,600/- **निविदा कागजात का मूल्य (जीएसटी छोड़कर):** रु.2,000/-, **निविदा सं.:**सीओएम-सीएटीजी-आरआर-एसएचई-2025-1, **अंतिम तिथि:** 01.08.2025, (1) निविदा कागजात की लागत पर 12% जीएसटी। (2) **निविदा कागजात की उपलब्धता:** www.ireps.gov.in (3) **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। (4) **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। (5) बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-185/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एचसी कार्निवल 2025 की उलटी गिनती शुरू, हिंदुस्तान क्लब में हुआ अनावरण समारोह




**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदुस्तान क्लब द्वारा आयोजित एचसी कार्निवल 2025 की उलटी गिनती की शुरुआत शुक्रवार को एक भव्य अनावरण समारोह के साथ हुई। लैंडसडाउन स्थित क्लब परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में कार्निवल के प्रमुख घटकों-टी-शर्ट, लोगो, शुभंकर, मेडल और ट्रॉफी-का अनावरण किया गया। प्ले, परफॉर्म, सेलिब्रेट थीम पर आधारित यह आयोजन 26 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा, जिसमें खेल, मनोरंजन और सामुदायिक उत्साह का समावेश होगा। इस वर्ष का कार्निवल विशेष महत्व रखता है क्योंकि हिंदुस्तान क्लब अपनी स्थापना के 80 वर्ष पूरे कर रहा है। क्लब के हालिया आधुनिकीकरण ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया है। आयोजन में बंगाल रोइंग क्लब, रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब, रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब, कलकत्ता पंजाब क्लब, सैटरडे क्लब, कलकत्ता स्विमिंग क्लब, डालहौजी इंस्टीट्यूट तथा एक होस्ट क्लब जैसे प्रतिष्ठित क्लब भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में पुरुष एवं महिला क्रिकेट, तैराकी, स्क्वैश, पिकलबॉल, शतरंज, कैरम, डार्ट्स, टेबल टेनिस, स्नूकर और 9-बॉल पूल जैसे रोमांचक खेल शामिल होंगे। इस आयोजन को विक्टोरिया जूट कंपनी, गोदावरी कमोडिटीज, हिंदकॉन केमिकल्स, आशिका स्टॉक ब्रोकिंग और श्याम स्टील जैसे प्रतिष्ठित प्रायोजकों का समर्थन प्राप्त है। क्लब अध्यक्ष ऋषभ सी. कोठारी ने इसे सामुदायिक जोश, जुनून और प्रदर्शन का उत्सव बताया।

### मॉनसून में अपनाएं आयुर्वेदिक डाइट, पाएं चमकदार और सेहतमंद त्वचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मॉनसून में त्वचा बेजान और रूखी हो जाती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन का मानना है कि त्वचा की देखभाल सिर्फ बाहरी उपायों से नहीं, बल्कि सही खानपान से भी होती है। वे कहती हैं कि बादाम, हर्बल चाय, मौसमी फल-सब्जियां, हल्दी और घी जैसे आयुर्वेदिक आहार को डाइट में शामिल करने से त्वचा प्राकृतिक रूप से दमकने लगती है। डॉ. मधुमिता बताती हैं कि बादाम वात दोष को संतुलित कर त्वचा को ऊर्जा देता है, जबकि अदरक और तुलसी वाली हर्बल चाय पाचन सुधारती है और त्वचा को साफ बनाती है। मौसमी फल और हरी सब्जियां शरीर को डिटॉक्स कर त्वचा को पोषण देती हैं। हल्दी और घी जैसे मसाले त्वचा की सूजन और एलर्जी से भी बचाते हैं। उनका सुझाव है कि मॉनसून में आयुर्वेदिक खानपान को अपनाकर न सिर्फ त्वचा, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर बनाया जा सकता है।


IN THE COURT OF CIVIL JUDGE (SR.) (DIV.) NO. 1 DEOGHAR
Execution Case No. 12 of 2025
Arose out of Decree dated 23rd December 2024 passed in CIVIL APPEAL NO. 11 of 2017
Shambhu Singh and Anr. ........D.Hr
Versus
Mahesh Kumar Mishra and Ors. ........J.Drs

To,
Kiran Kumari Mishra Byala, aged about 45years W/o RajKumar Bayala, D/o Sumanlata Devi, R/o Madhya Gram Barasant, Gali No.-3, Kolkata (W.B.) -700001

Whereas the D.Hr. has filed an Execution Case against the Decree dated 23rd December 2024 passed in Civil Appeal No. 11 of 2017. Notice through Speed Post and Nazarat were issued despite that you have failed to appear before this court, so by this notice you are informed to appear before this court on this 01 Day of August, 2025 at 10:30 A.M. failing which the matter shall be heard and decided in your absence.

This summon is given under the head and seal of this court on this 10 Day of July 2025.

COURT OF CIVIL JUDGE (SR.)(DIV.) No. 1 DEOGHAR



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता -700014 (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा सियालदह मंडल के तहत पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसके लिए www.ireps.gov.in पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है।

**ऑक्शन कैटलॉग सं. पार्क-जुलाई-25-04**

**क्रम सं., लॉट सं. एवं स्टेशन :** **एए/1,** पार्किंग-एसडीएएच-बीएनजे-टीडब्ल्यू-25-25-1, बनगांव जं.। **एए/2,** पार्किंग-एसडीएएच-बीएलएच-टीडब्ल्यू-170-25-1, बेलघड़िया। **एए/3,** पार्किंग-एसडीएएच-बीपी-टीडब्ल्यू-2-25-2, बैरकपुर। **एए/4,** पार्किंग-एसडीएएच-डीईबी-टीडब्ल्यू-175-25-1, देबग्राम। **एए/5,** पार्किंग-एसडीएएच-जीयूएमए-टीडब्ल्यू-73-25-2, गुमा। **एए/6,** पार्किंग-एसडीएएच-बीपीसी-टीडब्ल्यू-180-24-1, बहरामपुर कोर्ट। **एए/7,** पार्किंग-एसडीएएच-केवाईआई-टीडब्ल्यू-117-25-2, कल्याणी। **एए/8,** पार्किंग-एसडीएएच-बीएफटी-टीडब्ल्यू-195-25-1, भावता। **एए/9,** पार्किंग-एसडीएएच-केवाईआई-टीडब्ल्यू-243-25-1, कल्याणी। **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 18.07.2025 को 13.00 बजे।

**ऑक्शन कैटलॉग सं. पार्क-जुलाई-25-05**

**क्रम सं., लॉट सं. एवं स्टेशन :** **एए/1,** पार्किंग-एसडीएएच-सीजी-टीडब्ल्यू-56-24-1, कैनिंग। **एए/2,** पार्किंग-एसडीएएच-बीजीएल-टीडब्ल्यू-263-23-1, बगुला। **एए/3,** पार्किंग-एसडीएएच-जीईडीई-टीडब्ल्यू-225-24-1, गेदे। **एए/4,** पार्किंग-एसडीएएच-एजीपी-टीडब्ल्यू-311-24-1, अगरपाड़ा। **एए/5,** पार्किंग-एसडीएएच-आईपी-टीडब्ल्यू-281-23-2, इच्छापुर। **एबी/1,** पार्किंग-एसडीएएच-बीटीवाई-आरडब्ल्यू-272-23-2, बेथुयाडहरी। **नीलामी शुरू होने की तिथि :** 21.07.2025 को 13.00 बजे।

**ऑक्शन कैटलॉग सं. पार्क-जुलाई-25-06**

**क्रम सं., लॉट सं. एवं स्टेशन :** **एए/1,** पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-99-23-2, जगद्दल। **एए/2,** पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-107-24-1, जगद्दल। **एए/3,** पार्किंग-एसडीएएच-केवाईआई-टीडब्ल्यू-250-25-1, कल्याणी। **एए/4,** पार्किंग-एसडीएएच-सीजी-टीडब्ल्यू-356-25-1, कैनिंग। **एए/5,** पार्किंग-एसडीएएच-बीक्यूजी-टीडब्ल्यू-307-23-2, भगवानगोला। **एए/6,** पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-109-25-1, जगद्दल। **एए/7,** पार्किंग-एसडीएएच-बीएलएच-टीडब्ल्यू-22-25-1, बेलघड़िया। **एए/8,** पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-104-24-1, जगद्दल। **नीलामी शुरू होने की तिथि :** 23.07.2025 को 13.00 बजे।

**ऑक्शन कैटलॉग सं. पार्क-जुलाई-25-07**

**क्रम सं., लॉट सं. एवं स्टेशन :** **एए/1,** पार्किंग-एसडीएएच-केएलएनपी-टीडब्ल्यू-182-25-1, कालीनारायणपुर जं.। **एए/2,** पार्किंग-एसडीएएच-बीईबी-टीडब्ल्यू-336-25-1, बेलडांगा। **एए/3,** पार्किंग-एसडीएएच-एजीपी-टीडब्ल्यू-317-23-1, अगरपाड़ा। **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 25.07.2025 को 13.00 बजे।

प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखने की सलाह दी जाती है।

SDAH-119/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## 'बंगाल डॉक्टर्स फोरम' ने डॉक्टर को तृणमूल विधायक की कथित धमकी को लेकर नाराजगी जताई

**कोलकाता :** 'पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम (डब्ल्यूबीडीएफ)' ने मुख्य सचिव मनोज पंत को पत्र लिखकर तृणमूल कांग्रेस के विधायक कंचन मलिक द्वारा ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर को तबादले की कथित तौर पर धमकी दिये जाने को लेकर शुक्रवार को नाराजगी जताई। विधायक को यहां एक सरकारी चिकित्सा केंद्र में अपने रिश्तेदार के इलाज के लिए कतार में इंतजार करना पड़ा था। फोरम ने मलिक के व्यवहार को पश्चिम बंगाल चिकित्सा सेवा कर्मी और चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा और संपत्ति क्षति निवारण) अधिनियम, 2009 का 'स्पष्ट उल्लंघन' बताया गया है। डब्ल्यूबीडीएफ के अध्यक्ष डॉ. कौशिक चाकी ने कहा, 'हमारा दृढ़ मत है कि इस तरह के व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में माफ नहीं किया जाना चाहिए। श्री मलिक के विरूद्ध बिना किसी देरी या भेदभाव के कानून सम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए।' डब्ल्यूबीडीएफ ने यह भी मांग की कि राज्य सरकार अस्पतालों को निर्देश जारी करे कि यदि ऐसी कोई घटना सामने आए तो वे तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। पत्र में कहा गया है कि एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवा में हिंसा कहीं भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कथित घटना उस समय घटी जब मलिक अपनी पत्नी श्रीमोई के साथ अपनी रिश्तेदार के इलाज के लिए कोलकाता के 'स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन' के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में कतार में इंतजार कर रहे थे। इंतजार करते समय, उनका संबंधित चिकित्सक के साथ कथित तौर पर वाकयुद्ध हो गया तथा उन्होंने उन पर मरीजों को देखने में देरी करने का आरोप लगाया।

# पंचायतों को अब जनहित में खर्च करना होगा आय का बड़ा हिस्सा, नहीं तो रुक जाएगी सरकारी मदद

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य की सभी पंचायतों को निर्देश दिया है कि वे अपनी कुल आय का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा जनकल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करें। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि पंचायतें इस नियम का पालन नहीं करतीं, तो उन्हें मिलने वाला परफॉर्मेंस ग्रांट और अन्य वित्तीय सहायता रोक दी जाएगी।

पंचायतों को सरकार द्वारा हर साल 'बांग्लार बाड़ी', 'कर्मश्री', सड़क निर्माण आदि परियोजनाओं के लिए भारी धनराशि दी जाती है। इसके अलावा, वे हाट-बाजार, मकान किराया, ट्रेड लाइसेंस, और संपत्ति कर जैसे स्रोतों से भी आय अर्जित करती हैं। अब तक इस आय के उपयोग को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं था, लेकिन अब सरकार ने यह नया नियम लागू कर दिया है।

राज्य सचिवालय 'नवान्न' से जारी सूचना के अनुसार, यह नियम इसी वित्तीय वर्ष से प्रभावी होगा। पंचायतों की वार्षिक समीक्षा जुलाई से शुरू हो रही है, जिसमें अब 27 शर्तें होंगी, जिनमें से 10 बिल्कुल नई हैं। सबसे अहम शर्त है कि पंचायतें न सिर्फ अपनी आय का आधा जनकल्याण पर खर्च करें, बल्कि सालाना आय में कम से कम 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी सुनिश्चित करें।

पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की ओर से सहायता बंद होने के बावजूद ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसी वजह से पंचायतों को स्वनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अब तक कई पंचायतें अपनी आय को केवल आयोजनों और कार्यालयीय खर्चों में खर्च करती थीं। लेकिन अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उस धन का प्रयोग जनता के हित में हो। साथ ही, पंचायतों को संपत्ति कर संग्रहण में भी कम से कम 50 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करना अनिवार्य किया गया है।

राज्य सरकार की यह पहल पंचायत प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


**Khanakul-II Dev. Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly

**NOTICE INVITING TENDER**

The BDO Kh-II, **NIeT No.- 18/ BDO Kh-II/2025-26 (4th Call), Date: 11.07.2025. Tender ID: 2025_ ZPHD_877363_1 to 2** for ACR & Dining Shed. Last date of bids ends on **02.08.2025 up to 06:00 PM.** For detail visit **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
Block Dev. Officer
Khanakul-II Dev. Block


# 93 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में ईडी का छापा, मुकुंदपुर के फ्लैट में की गई तलाशी



**कोलकाता :** 93 करोड़ रुपये के एक बड़े वित्तीय घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कोलकाता के कई ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम मुकुंदपुर स्थित उत्तलिका स्काईराइज बिल्डिंग के 20 वें माले पर स्थित फ्लैट नंबर 17 में छानबीन के लिए पहुँची। यह फ्लैट विशाखा बंद्योपाध्याय के नाम पर है, जो वर्षों से विदेश में रह रही हैं और यह फ्लैट उन्होंने किराये पर दिया हुआ था।

ईडी को इस फ्लैट में लेस्ली एंथनी नामक व्यक्ति की तलाश थी, जिसने करीब एक साल पहले यह फ्लैट किराये पर लिया था। हालांकि, लेस्ली अब यहाँ नहीं रहता और किसी अन्य पते पर स्थानांतरित हो चुका है। वह एक निजी बैंक में उच्च पद पर कार्यरत है, और बैंक लेन-देन से जुड़ी एक गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी में उसका नाम सामने आया है।

ईडी की जांच के मुताबिक, दिल्ली के एक दंपति ने इस मामले की शिकायत सेबी में की थी। आरोप है कि लेस्ली एंथनी और इठक थशरश्रींह ऊीशरीी नामक एक कोलकाता स्थित कंपनी, जिसके मालिक मुरुगेश देवसरिया हैं, ने शेयरों में निवेश के नाम पर कई निवेशकों को धोखा दिया। कंपनी की स्थापना 2004 में हुई थी और इसका कार्यालय तपसिया क्षेत्र में स्थित है।

कंपनी ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों से संपर्क कर, विशिष्ट शेयर खरीदने के लिए उन्हें प्रभावित किया और इस प्रकार करोड़ों रुपये की ठगी की। दिल्ली के दंपति से भी करीब 3.5 करोड़ रुपये हड़प लिए गए। इस तरह से कुल 93 करोड़ रुपये का गबन किया गया।

मुख्य आरोपी मुरुगेश देवसरिया को हाल ही में गुजरात के वडोदरा से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि पूरी धोखाधड़ी एक निजी बैंक के माध्यम से चलाई जा रही थी, जिसमें लेस्ली एंथनी उच्च पद पर कार्यरत था। ईडी की जांच जारी है।

## एमसीसीआई ने जम्मू-कश्मीर निवेश और पर्यटन बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने 10 जुलाई को ताज बंगाल में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ओमर अब्दुल्ला से भेंट की। इस मौके पर एमसीसीआई की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुश्री प्रीति सुरेका, वाइस प्रेसिडेंट मि. मुनिश झाझड़िया, और डीडीजी मि. एस. रॉय उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री के



सलाहकार नसीर असलम वानी और अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरज गुप्ता, आईएएस भी मौजूद थे। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एमसीसीआई प्रतिनिधि दल ने जम्मू-कश्मीर में निवेश के संभावित अवसरों पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री ओमर अब्दुल्ला ने निवेशकों को हर तरह की सुविधा और सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि चैंबर जम्मू-कश्मीर के पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाए क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल से आने वाले पर्यटकों की संख्या भारतीय राज्यों में सबसे अधिक रही है। इस बैठक में चैंबर ने श्रीनगर में निवेशकों की एक विशेष बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अमरनाथ यात्रा के कारण अगस्त के चौथे सप्ताह में इस बैठक का आयोजन करेगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 **(सूचना)/684, दिनांक:** 10.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.1, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3451, कार्य का नाम :** "बैण्डेल स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 के विस्तार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,71,614/- **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,400/-, **क्रम सं.2, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3463, कार्य का नाम** : "हावड़ा डीजल शेड-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (फेज-II) के आवास हेतु डीजल शेडों में सुविधाओं के विस्तार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 60,13,923/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,20,300/-, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **अंतिम तिथि और समय:** 01.08.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-187/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025, दिनांक:** 09.07.2025, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्षों के लिए हावड़ा मंडल के तहत ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) के संस्थापन और परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं. एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जुलाई-19, शुरू होने की तिथि और समय : दिनांक 24.07.2025 को 11.00 बजे। क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण और स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं : (1) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीटीएई-जेन-110-25-1 (एटीएम-जनरल),** पाटुली रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पाटुली। (2) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एसकेजी-जेन-116-25-1 (एटीएम-जनरल),** शक्तिगढ़ रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, शक्तिगढ़। (3) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एमयूजी-जेन-114-25-1 (एटीएम-जनरल),** मगरा रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, मगरा। (4) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-डीएचई-जेन-111-25-1 (एटीएम-जनरल),** दाँईहाट रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, दाँईहाट। (5) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-जेन-99-25-1 (एटीएम-जनरल),** पाण्डुया रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पाण्डुया। (6) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-जेन-73-25-2 (एटीएम-जनरल),** डीआरएम बिल्डिंग (कंट्रोल ऑफिस के निकट), हावड़ा स्टेशन के पास एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, हावड़ा। (7) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-जेन-109-25-1 (एटीएम-जनरल),** पाकुड़ रेलवे स्टेशन में पीआरएस काउंटर बिल्डिंग के पास एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पाकुड़। (8) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-जेन-121-25-1 (एटीएम-जनरल),** नालीकुल रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, नालीकुल। (9) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एचजीवाई-जेन-122-25-1 (एटीएम-जनरल),** हुगली रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, हुगली। (10) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-जेन-97-25-1 (एटीएम-जनरल),** आरामबाग रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, आरामबाग। (11) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-जेन-113-25-1 (एटीएम-जनरल),** गुड़ाप रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, गुड़ाप। (12) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एमवाईएम-जेन-115-25-1 (एटीएम-जनरल),** मेमारी रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, मेमारी। (13) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-डीबीपी-जेन-117-25-1 (एटीएम-जनरल),** देबीपुर रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, देबीपुर। (14) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-जेन-119-25-1 (एटीएम-जनरल),** बैंचीग्राम रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, बैंचीग्राम। (15) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-बीजीएनए-जेन-118-25-1 (एटीएम-जनरल),** बलगोना रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, बलगोना। (16) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एचपीएल-जेन-120-25-1 (एटीएम-जनरल),** हरिपाल रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, हरिपाल। (17) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एमयूयू-जेन-123-25-1 (एटीएम-जनरल),** मानकुंडु रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, मानकुंडु। (18) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-जेन-102-25-1 (एटीएम-जनरल),** जिराट रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, जिराट। (19) **एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीएसएई-जेन-112-25-1 (एटीएम-जनरल),** पूर्बस्थली रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पूर्बस्थली।

HWH-186/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### गोरखपुर में नाले के पास मिला नवजात शिशु का शव

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक घर की चारदिवारी के भीतर शुक्रवार को एक नवजात शिशु का शव मिला। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गगहा थानाक्षेत्र के हाटा गांव में कपड़े में लिपटे नवजात शिशु के शव को आवारा कुत्ते घसीटते हुए पास के एक प्राथमिक विद्यालय के पीछे एक घर की चारदिवारी में ले गये थे। पुलिस ने बताया कि ताहिर नाम के व्यक्ति की बेटी अपने घर के आंगन में सफाई कर रही थी, तभी उसने शिशु के शव को देखा। पुलिस के अनुसार, लड़की ने तुरंत अपने पिता को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद ताहिर ने कुत्तों को भगाया और पुलिस व अन्य स्थानीय लोगों को इस बारे में बताया।

### मेरठ में कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, मांसाहार पर प्रतिबंध

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और यात्रा मार्ग को 57 जोन तथा 155 सेक्टर में विभाजित कर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, मेरठ परिक्षेत्र में 8,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जिनमें 1,166 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, बाबा औघड़नाथ, नागेश्वर महादेव और महाबलेश्वरनाथ मंदिरों में जलाभिषेक की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार से दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर

**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भाजपा लखनऊ महानगर इकाई के अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय यात्रा पर पूर्वाह्न 11 बजे लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरेंगे, जहां से वह सीधे ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान जाएंगे। उन्होंने बताया कि यहां सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं

# आजादी के 78 साल बाद राजस्थान के एक गांव में आदिवासियों को मिली बिजली

**कोटा :** आजादी के 78 साल बाद राजस्थान के बारां जिले के एक सुदूर पहाड़ी इलाके में पहली बार बिजली का कनेक्शन पहुंचा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक जिला मुख्यालय से 175 किलोमीटर दूर 40 घरों में रहने वाले सहरिया जनजाति के करीब 200 लोगों का बिजली के लिए लंबा इंतजार आखिरकार 30 जून को खत्म हो गया। जिलाधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बृहस्पतिवार को बताया कि अब बारां जिले के 100 प्रतिशत क्षेत्र में बिजली का कनेक्शन उपलब्ध हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने रात्रि चौपाल के दौरान लोगों से शिकायत मिलने के 20-25 दिनों के भीतर यह काम पूरा कर लिया गया।



जिलाधिकारी ने कहा, 'यह जन समस्याओं के त्वरित समाधान का उल्लेखनीय उदाहरण है।' पूर्व सरपंच बद्री सहरिया के पोते अरुण सहरिया ने कहा, 'पूरे गांव के लोग अब खुश और उत्साहित हैं क्योंकि उनकी रातें रोशन हो गई हैं। दशकों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गांव में बिजली पहुंच गई है।' बद्री सहरिया और अन्य स्थानीय लोगों ने रात्रि चौपाल के दौरान यह मुद्दा उठाया था। सहरिया विशेष रूप से कमजोर एक जनजातीय समूह (पीवीजीटी) हैं। बद्री सहरिया ने 23 मई को रात्रि चौपाल के दौरान जिलाधिकारी को बताया कि सहरिया समुदाय के 40 परिवारों के पास बिजली नहीं है और वे अंधेरे में रह रहे हैं। जिलाधिकारी ने अगले दिन स्थल का निरीक्षण किया और अधीक्षण अभियंता एन एम बिलोटिया को सर्वेक्षण करने तथा 15 दिनों के भीतर विद्युतीकरण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। पीएम-जनमन, या प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत सहरिया परिवारों को भी स्थायी घरों के लिए सरकार की मंजूरी मिल गई है। पीएम-जनमन विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए एक पहल है।

### लखनऊ में नकली कफ सिरप की 5,000 से अधिक बोतलें बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**लखनऊ :** केंद्रीय स्वापक ब्यूरो (सीबीएन) ने लखनऊ में एक मकान से नकली कफ सिरप की 5,300 से अधिक बोतलें बरामद होने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सिरप में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ का मिश्रण पाया गया है और प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के असली उत्पादों जैसा दिखाने के लिए बोतलों पर नकली लेबल लगाया गया है। नारकोटिक्स उपायुक्त प्रवीण बाली ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मुखबिर से सूचना मिलने के बाद बृहस्पतिवार को एक मकान पर छापा मारा गया और कफ सिरप की 5,353 बोतलें बरामद की गईं। इस सिरप में 'अल्प्राजोलम' और 'क्लोनाजेपाम' जैसी नशीली दवाएं मिलाई गई थीं और प्रतिष्ठित कंपनियों के नकली लेबल लगाए गए थे।

## नीतीश ने एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बढ़ी हुई पेंशन राशि की पहली किस्त अंतरित की



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगजनों सहित 1.11 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,100 रुपये प्रति माह की बढ़ी हुई पेंशन राशि की पहली किस्त अंतरित की। अधिकारियों ने बताया कि यहां एक समारोह के दौरान छह विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 1,227 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। बिहार सरकार ने 24 जून को पेंशन राशि 400 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 1,100 रुपये कर दी थी। कुमार ने इस अवसर पर कहा, 'बुजुर्ग समाज का एक महत्वपूर्ण अंग हैं और उनके लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार इस दिशा में प्रयास जारी रखेगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह राशि हर महीने की 10 तारीख को वितरित की जाए।' उन्होंने कहा कि बिहार सरकार राज्य में महिलाओं के समग्र विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही है। हमने उनकी शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देकर महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में एक मिसाल कायम की है। 2005 से पहले की सरकारों ने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। हमारे सत्ता संभालने के बाद ही असली बदलाव शुरू हुआ।'

## आम आदमी पार्टी अकेले लड़ेगी बिहार विधानसभा चुनाव : राज्यसभा सदस्य संजय सिंह

**पटना :** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। हालांकि उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन के आरोप का समर्थन किया कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची में हेरफेर की जा रही है। 'पीटीआई वीडियो' के साथ बातचीत में राज्यसभा सदस्य सिंह ने अपनी पार्टी के सहयोगी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का भी जोरदार बचाव किया। मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छोटे देशों की यात्राओं का उपहास करने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। आप नेता सिंह ने यह भी दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से मोदी को एक बड़ा



संकेत मिला है, जिन्होंने कहा है कि 75 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को सक्रिय सार्वजनिक जीवन में नहीं रहना चाहिए। 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की संभावना के बारे में जब उनसे पूछा गया तो आप के बिहार प्रभारी ने जोर देकर कहा, हम आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। आप पिछले साल के लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन का हिस्सा थी। सिंह की पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ सीटों का समझौता किया था, लेकिन पंजाब में ऐसा करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा, आप 'इंडिया' गठबंधन की स्थिति देखिए। पप्पू यादव और कन्हैया कुमार जैसे नेताओं को किनारे कर दिया गया। ऐसे गठबंधन के बारे में कोई क्या कह सकता है। उनका इशारा इस सप्ताह की शुरुआत में हुई एक कथित घटना की ओर था, जिसमें मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया था कि कांग्रेस समर्थक निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और पार्टी नेता कन्हैया कुमार को सुरक्षाकर्मियों ने उस खुले वाहन पर चढ़ने से रोक दिया, जिस पर सवार होकर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य प्रमुख नेताओं ने जनता को संबोधित किया था।

## उत्तर प्रदेश: एटीएस की टीम छांगुर बाबा को लेकर बलरामपुर पहुंची



**बलरामपुर :** उत्तर प्रदेश आंतकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम धर्मांतरण के आरोपों से घिरे जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को लेकर शुक्रवार को बलरामपुर के उतरौला पहुंची। पुलिस ने यह जानकारी दी। एटीएस की टीम ने मधुपुर स्थित कोठी में महत्वपूर्ण साक्ष्य एकट्ठा किये। पुलिस ने बताया कि एटीएस की टीम छांगुर बाबा को लेकर शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे उतरौला के मध्यपुर गांव पहुंची, जहां उसकी कोठी से अहम सुराग इकट्ठा किए गिए। पुलिस के मुताबित, एटीएस की टीम करीब एक घंटे तक छांगुर बाबा से पूछताछ करती रही और लखनऊ के लिए वापस निकल गई। एटीएस की टीम ने पिछले सप्ताह छांगुर बाबा और उसके एक सहयोगी को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने छांगुर बाबा पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस के मुताबिक, एटीएस इससे पहले छांगुर बाबा के बेटे और नवीन रोहर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एटीएस ने बुधवार को छांगुर बाबा और उसके सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को एक सप्ताह के लिए रिमांड पर लिया था। पुलिस के मुताबिक, बाबा और उसके सहयोगियों पर 100 करोड़ के विदेशी फंडिग का भी आरोप है, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है।

## राजस्थान: खाटू श्यामजी में श्रद्धालुओं से मारपीट के मामले में दो दुकानदार सहित चार लोग गिरफ्तार



**जयपुर :** राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने आए मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं से मारपीट के सिलसिले में दो दुकानदारों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दर्शन करने आए एक परिवार के सदस्यों से मंदिर के निकट दो दुकानदारो और उनके कर्मचारियों ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि तीन महिलाओं और एक नाबालिग लड़की सहित एक परिवार के आठ लोग मंदिर में पूजा के लिये आये थे। पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्य बारिश के दौरान दुकान के सामने खड़े हो गये, जिसे लेकर दुकानदारों से उनका विवाद हो गया। खाटू श्यामजी थानाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि परिवार के सदस्यों की पिटाई करने के आरोप में दो दुकानदारों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया, बारिश के दौरान परिवार के सदस्य एक दुकान पर खड़े थे। दुकानदार ने जब उन्हें वहां से हटने को कहा तो विवाद शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि परिवार पर हमला करने वाले पांच लोग थे और उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मांगीलाल, मेघराज, राजकुमार और राकेश के रूप में हुई है।

## संभल के विभिन्न प्राचीन धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सात करोड़ रुपये मंजूर

**संभल :** उत्तर प्रदेश सरकार ने संभल को धार्मिक पर्यटन केंद्र के तौर पर तैयार करने के लिए कल्कि मंदिर सहित विभिन्न प्राचीन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए सात करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुल मंजूर राशि में से तीन करोड़ रुपये प्राचीन कल्कि मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष रूप से आवंटित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि कल्कि धाम और शंख माधव तीर्थ



सहित कई धार्मिक स्थलों का कायाकल्प करने की योजना तैयार की जा रही है। संभल के उपजिलाधारी विकास चंद्र ने शुक्रवार को संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों में से शंख माधव तीर्थ, ऋषिकेश महाकूप, मृत्यु कूप के अलावा कल्कि मंदिर का निरीक्षण कर योजनाओं का खाका तैयार कराया। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ धार्मिक विकास नहीं बल्कि शहर की गरिमा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक ठोस पहल है। विकास चंद्र ने बताया कि भगवान कल्कि मंदिर में भव्य परिक्रमा पथ, धार्मिक पेंटिंग, सुंदर बागीचा, श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था और भगवान कल्कि का भव्य घोड़ा स्थापित किया जाएगा।

### पटना में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 578 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

**पटना :** बिहार परिवहन विभाग ने इस साल जनवरी से अब तक यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर पटना में 578 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आईपीआरडी) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर, यातायात पुलिस ने जनवरी 2025 से जून 2025 तक 988 वाहन मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने का प्रस्ताव दिया था। इनमें से 578 वाहन मालिकों के लाइसेंस पहले ही निलंबित कर दिए गए हैं और उन्हें (वाहन मालिकों को) 'कारण बताओ नोटिस' जारी किए गए हैं।'

समीक्षा स्पोर्ट्स

# बुमराह के पांच विकेट, इंग्लैंड 387 रन पर सिमटा, भारत के तीन विकेट पर 145 रन

**लंदन :** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (74/5) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन पर समेट दिया। हालांकि जो रूट (104) ने अपने करियर का 37वां और लॉर्ड्स में रिकॉर्ड आठवां शतक जड़कर इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।बुमराह ने एक सत्र में तीन अहम विकेट लेकर इंग्लैंड की मजबूत होती पारी पर ब्रेक लगाया और विदेश में पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने का अपना 13वां रिकॉर्ड बना डाला, जिससे उन्होंने कपिल देव को पीछे छोड़ दिया।जवाब में भारत ने स्टंप तक तीन विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिए हैं। केएल राहुल 53 और



ऋषभ पंत 16 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत अब भी पहली पारी के आधार पर 242 रन पीछे है।भारतीय पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल (13) के विकेट के साथ हुई, जो वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर की गेंद पर स्लिप में लपके गए। शुभमन गिल (16) और करूण नायर (40) भी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। नायर को स्टोक्स ने शॉर्ट बॉल पर आउट किया जबकि गिल वोक्स की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे।सुबह इंग्लैंड ने चार विकेट पर 251 रन से आगे खेलना शुरू किया। रूट ने दिन की पहली गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया, लेकिन वह जल्द ही बुमराह की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। स्टोक्स (44) और वोक्स (0) भी बुमराह के शिकार बने।हालांकि जैमी स्मिथ (51) और ब्रायडन कार्स (56) ने आठवें विकेट के लिए 84 रन जोड़कर इंग्लैंड को 350 के पार पहुंचाया। सिराज की गेंद पर राहुल ने स्मिथ का एक आसान कैच छोड़ा, जिससे भारत को नुकसान हुआ।मैच के दौरान गेंद बदलने को लेकर कप्तान गिल और अंपायरों के बीच बहस भी देखने को मिली, जिससे ड्यूक्स गेंदों की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। भारत को अभी लंबी पारी की जरूरत है, ताकि इंग्लैंड की बढ़त को कम किया जा सके।

### मंधाना ने इंग्लैंड में भारत की ऐतिहासिक जीत का श्रेय गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण को दिया

**बर्मिंघम :** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का श्रेय गेंदबाजों के असाधारण प्रदर्शन और शानदार क्षेत्ररक्षण को दिया। भारत ने पहले चार में से तीन मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली है। पांचवां और अंतिम मैच शनिवार को यहां खेला जाएगा। मंधाना ने कहा कि भारतीय टीम अपने ऑलराउंड खेल के दम पर यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रही। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वेबसाइट पर साझा किए गए वीडियो में कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने चारों मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया वह वास्तव में उल्लेखनीय है। उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया।' मंधाना ने कहा, 'फील्डिंग को लेकर हमारा नजरिया स्पष्ट था और हमने शानदार फील्डिंग की। मैं इस जीत के लिए इन दोनों विभाग में अच्छे प्रदर्शन को श्रेय दूंगी।'

## सुमित अंतिल, प्रीति पाल ने भारतीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन स्वर्ण जीते

**बेंगलुरु :** दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को यहां सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी(सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल का चयन यहां के प्रदर्शन पर काफी निर्भर करेगा। हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने



31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। भाला फेंक एफ 46 वर्ग में राजस्थान के सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.53 मीटर के थ्रो के पहला स्थान हासिल किया जबकि हरियाणा के रिंकू हुड्डा (63.98 मीटर) उत्तर प्रदेश के अजीत सिंह (63.25 मीटर) को काफी कम अंतर से पछाड़कर दूसरे पायदान पर रहे। ट्रैक स्पर्धाओं में महिलाओं की 100 मीटर (टी 35, टी 37 और टी 42) दौड़ में उत्तर प्रदेश की प्रीति पाल ने 15 सेकंड की प्रभावशाली स्प्रिंट के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके बाद गुजरात की बीना मोर्दिया रहीं जिन्होंने 17.20 सेकंड का समय लिया, जबकि हरियाणा की अवनी ने 20.40 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर (टी12 और टी 13) वर्ग में उत्तर प्रदेश की सिमरन ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 12.30 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। ओडिशा की जानकी ओरम (14.20 सेकंड) और गोवा की साक्षी काले (14.90 सेकंड) उनसे पीछे रहीं। पुरुषों के शॉट पुट (एफ 56 और एफ 57) में, एसएससीबी ने सूपड़ा साफ किया।

## आप यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए हैं : गंभीर ने बीसीसीआई के परिवार नियम का समर्थन किया



**लंदन :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं। बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी। गंभीर ने 'सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क' पर चेतेश्वर पुजारा से कहा, 'परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।' इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था। कोहली का तर्क था कि अधिक दबाव वाली स्थितियों के दौरान परिवार की मौजूदगी से काफी मदद मिलती है। गंभीर ने हालांकि बाकी सब चीजों से पहले देश को रखने के महत्व पर जोर दिया।

## गत विजेता अल्काराज ने फ्रिट्ज को हराकर विम्बलडन फाइनल में



**लंदन :** दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को यहां टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने से महज एक कदम दूर हैं। वह 22 साल की उम्र में कुल मिलाकर छठा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से भी एक जीत दूर हैं। दूसरे वरीय अल्काराज लगातार 24 मैचों की जीत की लय के साथ रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंच गए जहां उनका सामना शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच के बीच मुकाबले के विजेता से होगा। अल्काराज ने ऑल इंग्लैंड क्लब में 2023 और 2024 के खिताबी मुकाबलों में जोकोविच को हराया था और अब तक मेजर फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 है। इसमें एक महीने पहले फ्रेंच ओपन में सिनर पर पांच सेटों में मिली वापसी की जीत भी शामिल है।

### कड़ी आलोचना के बीच ड्यूक गेंद निर्माता बदलाव के लिए तैयार

**लंदन :** भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला में ड्यूक गेंद को लेकर खिलाड़ियों की ओर से काफी आलोचना हुई है लेकिन इसके मालिक दिलीप जाजोदिया चाहते हैं कि 'खेल के सुपरस्टार' इस विवादास्पद विषय पर थोड़ा और धैर्य दिखाएं। तीसरे टेस्ट के दौरान जाजोदिया ने पीटीआई से कहा कि इंग्लैंड में असामान्य रूप से गर्म मौसम और मौजूदा समय में बल्लेबाजों के आक्रामक खेल को ध्यान में रखते हुए उनकी कंपनी सुधार करने के लिए हमेशा तैयार रहती है।

## विम्बलडन: सिनर ने जोकोविच को हराया, गत विजेता अल्काराज से होगा मुकाबला

**लंदन :** जैनिक सिनर ने शुक्रवार को विम्बलडन के सेमीफाइनल में दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हरा दिया और अब फाइनल में उनका मुकाबला कार्लोस अल्काराज से होगा। इससे पहले अल्काराज ने यहां टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। नंबर एक रैंक वाले सिनर सेंटर कोर्ट में अपनी इस जीत के साथ पहली बार विम्बलडन के फाइनल में पहुंचे हैं। अल्काराज 22 साल की उम्र में लगातार तीसरा विम्बलडन खिताब और कुल मिलाकर छठा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से एक मैच दूर हैं तथा उनकी टक्कर फाइनल में 23 साल के इतालवी खिलाड़ी सिनर से होगी। दूसरे



वरीय अल्काराज लगातार 24 मैचों की जीत की लय के साथ रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंच गए। अल्काराज ने ऑल इंग्लैंड क्लब में 2023 और 2024 के खिताबी मुकाबलों में जोकोविच को हराया था तथा अब तक मेजर फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 है। इसमें एक महीने पहले फ्रेंच ओपन में सिनर पर पांच सेटों में मिली वापसी की जीत भी शामिल है। पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज पिछले साल अमेरिकी ओपन में सिनर से हारकर उप विजेता रहे थे।

## ज्योति, परनीत तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में, कंपाउड मिश्रित टीम कांस्य की दौड़ में

**मैड्रिड :** ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर ने तीरंदाजी विश्व कप चौथे चरण में कंपाउंड महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहीं जबकि मिश्रित टीम कांस्य पदक की दौड़ में बनी हुई है, मौजूदा एशियाई खेल चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति ने तुर्की की हजल बुरुन को 147-144 से हराया, जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त परनीत ने भी तुर्की की ओनुर क्यूर गिरडी को 142-141 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। दोनों तीरंदाज सेमीफाइनल में अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेंगी, जिससे भारत को महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में दो पदक हासिल करने का मौका होगा। पुरुष कंपाउंड तीरंदाजों ने हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में निराश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव दूसरे दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें इटली के माइकिया गोडानो से 141-143 से हार मिली। अमन सैनी और प्रियांश का अभियान भी जल्दी खत्म हो गया। क्वालीफाइंग वर्ग में 1431 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड कायम करने वाली ज्योति और यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी मिश्रित टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड की जोड़ी से 155-152 से शिकस्त मिली। भारतीय जोड़ी शनिवार को कांस्य पदक के लिए अल सल्वाडोर का सामना करेंगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार में तीन चौथाई मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं : गहन पुनरीक्षण पर निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि से 14 दिन पहले लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 74 प्रतिशत से अधिक ने अपने प्रपत्र जमा करा दिए हैं। पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में, बूथ स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं और उनके भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर रहे हैं। गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण और अपलोडिंग का काम जारी है और बूथ-स्तरीय अधिकारियों ने अब तक एकत्र किए गए कुल गणना प्रपत्रों में से 3.73 करोड़ प्रपत्रों को डिजिटलीकृत और अपलोड कर दिया है।

### उत्तराखंड: देहरादून जिले के त्यूणी में 125 किलोग्राम डायनामाइट बरामद

**देहरादून :** उत्तराखंड में पंचायत चुनाव से पहले देहरादून जिले के त्यूणी में पुलिस ने 125 किलोग्राम डायनामाइट बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने बताया कि त्यूणी में पुलिस ने बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली एक ऑल्टो कार को जांच के लिए रोका। उन्होंने बताया कि गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें पांच पेटियों में रखा 125 किलोग्राम डायनामाइट बरामद किया गया। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार लोग विस्फोटक पदार्थ के वैध होने का आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### दिल्ली-एनसीआर में लगातार दूसरे दिन महसूस हुआ भूंकप का झटका, झज्जर के नजदीक केंद्र

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में शुक्रवार शाम को 3.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। एनसीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर के नजदीक था। भूकंप का झटका शाम 7:49 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र झज्जर से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और दिल्ली से लगभग 51 किलोमीटर पश्चिम में स्थित था। रोहतक, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम, गाजियाबाद और नोएडा सहित कई जिलों में लोगों ने भूकंप का झटका महसूस किया। यह इस क्षेत्र में गत दो दिनों में आया दूसरा भूकंप था। बृहस्पतिवार की सुबह झज्जर के पास 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था जिसका असर दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर देखने को मिला था। लगातार दो दिन आए भूकंपों ने सोशल मीडिया पर चिंता और अटकलों को जन्म दे दिया है।

### गुजरात में जनरेटर के धुएं से दम घुटने के कारण एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**सूरत :** गुजरात के सूरत जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की कथित तौर पर जनरेटर से निकले धुएं के कारण मौत हो गई। घटना के वक्त वे लोग अपने घर में सो रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात सूरत जिले के भाठा गांव में हुई। पुलिस निरीक्षक के एल गढ़ ने बताया कि पीड़ितों की मौत प्रथम दृष्टया जनरेटर के धुएं के कारण दम घुटने से हुई, जो उस कमरे में भर गया था जिसमें वे सो रहे थे। उन्होंने बताया कि इन लोगों की मौत हो जाने का पता उस वक्त चला, जब परिवार का एक सदस्य सुबह तीनों के नहीं जगने पर उन्हें देखने गया और उन्हें बेहोश पड़ा पाया तथा पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों बालूभाई पटेल (76), सीताबेन राठौड़ (56) और वेदाबेन राठौड़ (60) के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

# महाराष्ट्र में धार्मिक स्थलों से 3300 से अधिक लाउडस्पीकर हटाए गए : मुख्यमंत्री



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा को सूचित किया कि ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के ठोस प्रयास के तहत राज्य के धार्मिक स्थलों से कुल 3,367 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस ने अकेले मुंबई में ही धार्मिक स्थलों से 1,608 लाउडस्पीकर हटाएं हैं और यह उपलब्धि बिना किसी धार्मिक या सांप्रदायिक तनाव के हासिल की गई है। उन्होंने कहा, ''मुंबई अब सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर से मुक्त है।'' फडणवीस ने चेतावनी दी कि सक्षम प्राधिकार की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर दोबारा लगाए जाने पर स्थानीय पुलिस थाने के अधिकारी जिम्मेदार ठहराये जाएंगे। उन्होंने सदन को सूचित किया, ''कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएंगे। स्थिति पर नजर रखने के लिए प्रत्येक पुलिस आयुक्त के अधीन उड़न दस्ते गठित किए जाएंगे।'' विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान कई विधायकों ने यह मामला उठाया था। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने स्थानीय समुदायों पर ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव की चिंता जताई, जबकि उनकी सहयोगी विधायक देवयानी फरांडे ने उच्च ध्वनि वाले स्पीकर पर साल भर प्रतिबंध लगाने की मांग की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र अव्हाड ने येऊर वन क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण को लेकर चिंता जताते हुए वन्यजीवों पर इसके असर का उल्लेख किया। फडणवीस ने जवाब में कहा, ''वन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के संगीत वाद्ययंत्र या लाउडस्पीकर की अनुमति नहीं होगी। वन विभाग और पुलिस को इसे सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है।''

## सीतारमण ने मेघालय में 72 डिजिटल पुस्तकालयों का उद्घाटन किया और प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**शिलांग :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को मेघालय में 72 डिजिटल पुस्तकालयों का उद्घाटन किया और 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई प्रमुख अवसंरचना एवं विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। सीतारमण ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), शिलांग में 'आईआईसीए नॉर्थ ईस्ट कॉन्क्लेव 2025' की भी शुरुआत की और आईआईसीए के पूर्वोत्तर क्षेत्रीय परिसर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा मौजूद थे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने 99.99 करोड़ रुपये की लागत से उमियम झील के पुनर्विकास की भी आधारशिला रखी। इसे राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएस-सीआई) योजना के तहत वित्त-पोषित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और झील के पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करना है। उन्होंने 732 करोड़ रुपये की लागत से 40,000 दर्शकों की क्षमता वाले विश्वस्तरीय फुटबॉल स्टेडियम के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया, जिससे इस खेल के बुनियादी ढांचे में वृद्धि होगी। सीतारमण ने क्षेत्र में व्यावसायिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'एसएएससीआई' योजना के तहत 99.99 करोड़ रुपये की लागत से मावखानू में एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) बुनियादी ढांचे के विकास का भी आरंभ किया।



## बारिश से राहत मिली, लेकिन दिल्ली भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर




**नयी दिल्ली :** दिल्ली में शुक्रवार को हल्की बारिश के बाद अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो वर्ष के इस समय के लिए सामान्य से दो डिग्री कम है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई। आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, दिल्ली के सफदरजंग स्थित प्राथमिक मौसम केंद्र ने सुबह 8.30 बजे तक 17.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जबकि सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच एक मिलीमीटर अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई। अन्य निगरानी केंद्रों पर भी दिन में बारिश दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार, सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच पालम में 8.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, रिज में 2.6 मिलीमीटर और आयानगर में 1.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह 81 प्रतिशत और शाम को 68 प्रतिशत के बीच रही।

## भारतीय तटरक्षक बल ने अमेरिकी नौका, चालक दल के दो सदस्यों को बचाया

**नयी दिल्ली :** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 'इंदिरा प्वाइंट' के दक्षिण-पूर्व में समुद्र में फंसी एक अमेरिकी नौका तथा इसके चालक दल के दो सदस्यों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचा लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) पोर्ट ब्लेयर को 10 जुलाई को पूर्वाह्न 11:57 बजे चेन्नई स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से 'इंदिरा पॉइंट' के 52 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में 'सी एंजेल' नामक नौका और इसके चालक दल के दो सदस्यों के फंसे होने की जानकारी मिली। चालक दल के दो सदस्यों में एक अमेरिका और एक तुर्किए से था। तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नौका का पाल उड़ जाने और 'प्रोपेलर' के उलझ जाने के कारण यह बेहद कठिन परिस्थिति में फंस गई। उन्होंने कहा कि तत्काल कार्रवाई करते हुए एमआरसीसी पोर्ट ब्लेयर ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र (आईएसएन) को सक्रिय कर दिया और आसपास के सभी व्यापारिक जहाजों को सतर्क करते हुए बचाव समन्वय प्रोटोकॉल शुरू किया। तटरक्षक बल ने कहा कि इसके बाद तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए अपराह्न दो बजे 'आईसीजीएस राजवीर' को तैनात कर दिया गया। इसने कहा, ''व्यावसायिकता और सटीकता का प्रदर्शन करते हुए, आईसीजीएस राजवीर शाम 5:30 बजे नौका तक पहुंचा और फंसे हुए चालक दल के साथ संचार स्थापित किया तथा स्थिति का मूल्यांकन किया। अधिकारी ने बताया कि तेज हवाओं और यांत्रिक खराबी के बावजूद चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ मिला।




## दो पूर्व सीजेआई ने एक साथ चुनाव कराने से जुड़े विधेयक के कुछ प्रावधानों पर उठाए सवाल

**नयी दिल्ली :** देश के दो पूर्व प्रधान न्यायाधीशों न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे एस खेहर ने शुक्रवार को देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक के कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाए, जिनमें निर्वाचन आयोग को दी गई शक्तियां भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि यह विचार संविधान के विरुद्ध है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के बाद न्यायमूर्ति खेहर तीसरे पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) हैं, जिन्होंने विधेयक की धारा 82ए(5) के तहत विधानसभा चुनाव कराने के संबंध में चुनाव आयोग को दी गई व्यापक छूट पर सवाल उठाये हैं। न्यायमूर्ति खेहर के बाद न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति के समक्ष पेश हुए। उन्होंने पहले ही अपनी लिखित राय प्रस्तुत कर दी थी। एक सूत्र ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पर दोनों न्यायविदों द्वारा व्यक्त विचारों का सारांश देते हुए कहा कि दोनों पूर्व सीजेआई ने सुझाव दिया कि विधेयक में कुछ अस्पष्ट क्षेत्र हैं, जिन पर समिति को ध्यान देना चाहिए तथा उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि दोनों पूर्व सीजेआई ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता, जैसा कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''यह संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ नहीं करता।''

## मादक पदार्थ के धंधे में लिप्त वांछित अपराधी को यूएई से भारत लाया गया : सीबीआई

**नयी दिल्ली/मुंबई :** सिंथेटिक मादक पदार्थ के धंधे में कथित तौर पर लिप्त मुस्तफा कुब्बावाला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वांछित अपराधी कुब्बावाला के खिलाफ इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया था। सिंथेटिक नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक रूप से निर्मित पदार्थ होते हैं जो प्राकृतिक अफीम जैसे मादक प्रभाव उत्पन्न करते हैं, लेकिन ये पूरी तरह कृत्रिम यानी सिंथेटिक होते हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल और मुंबई पुलिस की मदद से मुस्तफा को भारत लाने का अभियान चलाया। एक अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ के धंधे में लिप्त वांछित अपराधी मुस्तफा को मुंबई पुलिस का चार सदस्यीय दल संयुक्त अरब अमीरात से देर रात करीब एक बजे यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लेकर आया। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू), एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से, रेड नोटिस का सामना कर रहे मुस्तफा कुब्बावाला को शुक्रवार को सफलतापूर्वक भारत वापस ले आयी।'' अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने सांगली में एक सिंथेटिक मादक पदार्थ निर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया था, जहां से 126.141 किलोग्राम मेफेड्रोन मादक पदार्थ जब्त किया गया था। ऐसा आरोप है कि यह कारखाना विदेश से मुस्तफा चला रहा था।



## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 22 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से कुछ पर कुल 37.50 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 22 नक्सलियों में आठ महिला नक्सली भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में डिवीजनल कमेटी सदस्य मनकू कुंजाम उर्फ सुखलाल (33) पर आठ लाख रुपये, एरिया कमेटी सदस्य हिड़मे कुंजाम (28), मिलिशिया कमांडर पुन्ना लाल उर्फ बोटी (26) और सनीराम कोर्राम उर्फ धर्मू (25) पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आत्मसमर्पण करने वाले 11 नक्सलियों पर एक-एक लाख और सात नक्सलियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि ये नक्सली नारायणपुर जिले के माड़ संभाग के कुतुल, नेलनार और इंद्रावती एरिया कमेटी अंतर्गत सक्रिय थे।

## अमरनाथ यात्रा: सेना ने 'ऑपरेशन शिव' आरंभ किया, 8500 जवान तैनात किये




**जम्मू :** सेना ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की खातिर 'ऑपरेशन शिव' शुरू करते हुए गुफा मंदिर तक जाने वाले दोनों मार्गों पर एवं अन्य संबंधित स्थानों पर 8,500 सैनिकों को तैनात किया है एवं मानवरहित हवाई प्रणाली (सी-यूएएस) ग्रिड भी स्थापित किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमरनाथ गुफा के लिए दो मार्गों से तीन जुलाई को 38 दिवसीय यात्रा आरंभ हुई थी। इनमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग हैं। इस यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, ''भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा का सुचारू और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ निकट समन्वय में 'ऑपरेशन शिव' शुरू किया है।''

## कर्नाटक: बैंक से 53 करोड़ रुपये की लूट मामले में 12 और लोग गिरफ्तार

**विजयपुरा (कर्नाटक) :** विजयपुरा जिले में केनरा बैंक की मनागुली शाखा से 53.26 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने और नकदी की कथित लूट के सिलसिले में 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये गिरफ्तारियां तीन आरोपियों से पूछताछ के बाद की गईं, जिन्हें पिछले महीने हिरासत में लिया गया था। इनमें पूर्व शाखा प्रबंधक विजयकुमार मिरियाला भी शामिल है। विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निम्बार्गी ने बताया कि गिरफ्तारियों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई है और पुलिस ने अब तक 39.26 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद की है, जिसमें 39 किलोग्राम पिघला हुआ सोना, 1.16 करोड़ रुपये नकद और पांच कारें शामिल हैं। यह चोरी 25 मई को बसवनबागेवाड़ी तालुका स्थित बैंक की मनागुली शाखा में हुई, जहां मिरियाला पहले शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यरत था। पहचान छिपाने के लिए, आरोपियों ने बैंक का सीसीटीवी नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) भी चुरा लिया। निम्बार्गी के अनुसार, बैंक लॉकर से 53.26 करोड़ रुपये मूल्य का कीमती सामान लूट लिया गया, जिसमें सोने के आभूषण और 5.2 लाख रुपये नकद शामिल हैं।

## भाजपा के इस्तीफा स्वीकार करने के बाद विधायक राजा सिंह ने हिंदुत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**हैदराबाद :** तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और सनातन धर्म के लिए काम करते रहेंगे, भले ही भाजपा ने पार्टी से उनका इस्तीफा आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया हो। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह निर्णय उन्होंने किसी पद, सत्ता या व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण नहीं लिया है। उन्होंने कहा, ''शायद मैं तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनाने का सपना लेकर दिन-रात मेहनत कर रहे लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं की पीड़ा दिल्ली तक नहीं पहुंचा सका।'' भाजपा के साथ अपने 11 साल के सफर को याद करते हुए सिंह ने कहा कि देश की सेवा और हिंदुत्व की रक्षा के लिए वह पार्टी से जुड़े थे। उन्होंने हैदराबाद की गोशामहल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तीन बार टिकट दिये जाने को लेकर पार्टी पदाधिकारियों का शुक्रिया अदा किया। सिंह ने कहा, ''मेरा जन्म हिंदुत्व की सेवा के लिए हुआ है और मैं अंतिम सांस तक हिंदुत्व के लिए कार्य करता रहूंगा।'' भाजपा ने सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनके आरोपों को अप्रासंगिक बताया। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पार्टी द्वारा किये गए चयन की आलोचना करते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष के रूप में रामचंद्र राव की संभावित नियुक्ति से नाराज राजा सिंह ने 30 जून को तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को एक पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि यह निर्णय भाजपा के लाखों सदस्यों को स्तब्ध करने वाला और निराशाजनक है।



## नेहरू-गांधी परिवार का महिमामंडन करने वाली किताबें विद्यालयों में नहीं पढ़ाई जाएंगी: मंत्री

**जयपुर :** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार का महिमामंडन करने वाली किताबें 12वीं कक्षा में नहीं पढ़ाई जाएंगी क्योंकि विद्यार्थियों को इन पुस्तकों से परीक्षा में अंक भी नहीं मिलते हैं। कांग्रेस की राज्य इकाने ने मंत्री के इस बयान को लेकर हमला बोला और इसे हास्यास्पद करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आजादी के बाद सबसे ज्यादा समय तक सरकार कांग्रेस की रही और इस देश को ऐतिहासिक ऊंचाइयों तक ले जाने का श्रेय कांग्रेस सरकारों एवं प्रधानमंत्रियों को ही मिलेगा। मंत्री दिलावर ने कहा, आजादी के बाद का स्वर्णिम भारत भाग-1 और भाग-2 पुस्तकों से विद्यार्थियों को कोई अंक नहीं मिलते इसलिए उन्होंने विभाग के अधिकारियों को इन पुस्तकों को पढ़ाना बंद करने का निर्देश दिया है। दिलावर ने कहा, कांग्रेस की पिछली सरकार द्वारा लगाई गयी इन किताबों से विद्यार्थी को परीक्षा में कोई अंक नहीं मिलते। ये केवल पढ़ने के लिए थीं। बिना किसी शैक्षणिक महत्व के इन्हें जारी रखने का कोई मतलब नहीं है, इसलिए मैंने निर्देश दिया है कि शिक्षा विभाग ऐसी किताबें नहीं पढ़ाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक बातें पढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि देश और राज्य की सेवा करने वालों के योगदान का भी समान रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए लेकिन इन पाठ्यपुस्तकों में केवल उन कांग्रेस नेताओं का महिमामंडन किया गया है जिन्होंने देश में आपातकाल लगाया और 'लोकतंत्र की हत्या की'।

# डोदरा पुल हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हुई, लापता लोगों की तलाश अब भी जारी

**वडोदरा :** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 19 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लापता दो लोगों की तलाश अब भी जारी है। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। एक अधिकारी ने बताया, ''एसएसजी अस्पताल में उपचाराधीन पांच घायलों में से एक, दहेवन निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र सिंह परमार की शुक्रवार को मौत हो गई।'' वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया ने बताया कि बृहस्पतिवार रात तक 18 शव बरामद किए जा चुके थे और तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है। घटनास्थल पर मौजूद टीम दो और लापता लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुल ढहने के सिलसिले में बृहस्पतिवार को कार्रवाई करते हुए राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। राज्य के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने घटनास्थल का दौरा किया और मीडिया को बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा गठित एक समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के सड़क एवं भवन विभाग की एक उच्च स्तरीय जांच समिति 30 दिनों में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। दौरे के बाद मंत्री ने बताया कि राज्य में जिन 7,000 पुलों का सर्वेक्षण किया गया है, उनमें से सरकार ने उन पुलों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण की आवश्यकता है।



## हिंदवेयर स्मार्ट अप्लायंसेज ने लॉन्च किए नए किचन प्रोडक्ट, पोर्टफोलियो को किया मजबूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** रसोई उपकरणों के क्षेत्र में अग्रणी हिंदवेयर स्मार्ट अप्लायंसेज ने अपने किचन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए बीएलडीसी मोटर युक्त चिमनी, एडवांस्ड हॉब्स, बिल्ट-इन ओवन और क्लासिक किचन-सिंक जैसे कई नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। कंपनी ने 12 नए चिमनी मॉडल पेश किए हैं, जिनमें मोशन सेंसर, ऑटो-क्लीन और टर्बो स्पीड जैसी सुविधाएं हैं। इसके अलावा, मार्कस 80एल और ओटावियो 44एल जैसे बिल्ट-इन ओवन तथा 20 से अधिक नए हॉब्स भी शामिल किए गए हैं। क्लासिक सिंक सीरीज़ के जरिए मॉड्यूलर किचन की मांग को पूरा किया गया है। हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड के प्रेसिडेंट महेश कुमार चौधरी ने कहा, आधुनिक घरों की बढ़ती मांग को देखते हुए हमने ऊर्जा-कुशल, स्मार्ट और आकर्षक रसोई उपकरण पेश किए हैं जो परफॉर्मेंस और डिज़ाइन में बेहतरीन हैं। कंपनी ने हाल ही में पटाया और बैंकॉक में ग्रैंड सेल्स कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने भावी उत्पादों की झलक भी पेश की।

## अमेजन प्राइम डे 2025: ऑफर्स आज से शुरू, तीन दिन तक चलेगा सेल का धमाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन प्राइम डे 2025 की शुरुआत आज आधी रात से हो गई है। यह खास शॉपिंग फेस्टिवल 12 जुलाई से 14 जुलाई तक चलेगा और इसमें प्राइम मेंबर्स को हजारों प्रोडक्ट्स पर बेहतरीन डील्स, नए लॉन्च और तगड़ी बचत का मौका मिलेगा। इस सेल में स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, ग्रॉसरी, होम और किचन जैसी कैटेगरीज में 400 से अधिक टॉप ब्रांड्स पर शानदार ऑफर्स मिल रहे हैं। इसके अलावा आईसीआईसीआई और एसबीआई कार्ड पर 10% तक की छूट और नो-कॉस्ट ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 17 नई सीरीज और फिल्मों की भी घोषणा की गई है, जो विभिन्न भाषाओं में स्ट्रीम होंगी। ग्राहक अमेजन के एआई असिस्टेंट रूफस की मदद से आसान और स्मार्ट शॉपिंग का अनुभव ले सकते हैं। प्राइम मेंबरशिप 1,499 रुपये में, जबकि प्राइम लाइट और शॉपिंग एडिशन क्रमशः 799 और 399 रुपये में उपलब्ध हैं।

# श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति

श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति कोलकाता

70, नलिनी सेठ रोड, कोलकाता-7, फोन : 90881 51968

## श्रावण मेला उद्घाटन समारोह

: दिनांक :
आज शनिवार
12 जुलाई 2025
सायं 5 बजे

विशेष : पूरे श्रावण माह के प्रत्येक शनिवार-रविवार को तारकेश्वर जाने वाले कांवड़ियों व श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क जलपान, भोजन, दूध-जलेबी, चाय शिकंजी, आवास एवम् प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था





: स्थान :
विश्राम गृह
जामीरबेड़िया
सिंगूर

आप सभी अवश्य पधारें

समिति के विश्रामगृह में विभिन्न प्रकल्पों के नवीनीकरण में सहयोगी

अभिनन्दन
समिति के वरिष्ठ सदस्य
श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल
(डोहरिया स्टील इण्डस्ट्रीज)

उद्घाटनकर्त्ता
श्री दयानन्द अग्रवाल
(बंगाल पाइप इण्डस्ट्रीज)

सम्मानित अतिथि
श्री हरिनारायण बिहानी
श्री पवन कुमार कनोई
श्री मृगेंद्र सरावगी
श्री शिव कुमार डिडवानिया
श्री नथमल बिहानी

प्रधान वक्ता
श्री बेचाराम मन्ना
कृषि विपणन मंत्री प. बं. सरकार

भजनों की अमृत वर्षा
प्रत्येक शनिवार
रात्रि 10 बजे से

निवेदक

| सभापति | सचिव | कोषाध्यक्ष | उप सभापति | उप सचिव |
|---|---|---|---|---|
| दिनेश कुमार बिहानी | गोविन्द रान्दड़ | विकास नेवटिया | मुरारी लाल डिडवानिया, दिनेश कुमार कालानी | विजय कुमार दारूका, राजीव कुमार सिंघी |

| मेला संयोजक | मेला सह-संयोजक | समन्वयक | मुख्य सलाहकार कमेटी |
|---|---|---|---|
| सुशील अग्रवाल<br>सुरेश झुनझुनवाला | सोमनाथ कुमार<br>सचिन बेरीवाल | संजय जैन | घीसाराम गोयल, भगीरथमल गोयल, गौरीशंकर बेरीवाल, देवकीनन्दन गाड़ोदिया, ओमप्रकाश अग्रवाल |

स्वागत कर्ता

विमल कुमार टिबड़ेवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल, मुकेश जिंदल, प्रदीप जालान, दाऊलाल मूँधड़ा, गोपाल प्रसाद झुनझुनवाला, रामकिसन गोयल, निर्मल जैन, संदीप खेतावत, मनोज बंसल, राजेश कुमार बिहानी पंकज गोयल, अरुण अग्रवाल, अजय गोपालका, शिवकुमार कनोई, सुरेन्द्र बेरीवाल, बिमल छाजेड़, नवनीत सादानी, सुरेन्द्र गौरीसरिया, विवेक बंसल, रमेश अग्रवाल, अनिल मित्तल, राजेश सिंघी, विनय मरेठिया तरूण गोयल, मनीष टिबड़ेवाल, ललित गोयल, प्रदीप परसरामपुरिया, पियूष खेरीया, संजय दारुका, शिव कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, जगदीश मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, अजय कुमार परसरामपुरिया



## SAIL Structurals
for a stronger tomorrow

सेल SAIL






स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
There's a little bit of SAIL in everybody's life

Authorised Distributor of SAIL:

## MECHANICAL ENGINEERING INDUSTRIES

sales@jalansteel.com
Warehouses: Durgapur & Kolkata
www.saildistributor.in
84203 47400


वर्ष 10, पूर्णांक 3294 अंक 104, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in